रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)-73 Registered No. D (D)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 4] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 28, 1978/माघ 8, 1899
No. 4] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 28, 1978/MAGHA 8, 1899

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

भारत निर्वाचन आयोग

आदेश

नई दिल्ली, 24 दिसम्बर, 1977

का०आ० 222.—यतः निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि मार्च, 1977 में हुए लोक सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 10-थाना निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री रोडरिक्स स्टानी जोरान डेना बैंक भयान्डर के पास डाकखाना भयान्दार, तालुका थाना, जिला थाना (महाराष्ट्र), लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं,

और, यतः उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक् सूचनाएं दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता का कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नहीं है,

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री रोडरिक्स स्टानी जोरान को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान-सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० महा० लो०स०/10/77(1)]

ELECTION COMMISSION OF INDIA

ORDER

New Delhi, the 24th December, 1977

S.O. 222.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Rodricks Stany Joran, Near Dena Bank Bhayander, Post Bhayander, Taluka Thana, District Thana (Maharashtra), a contesting candidate for general election to the House of the People held in March, 1977 from 10-Thana constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder ;

And whereas the said candidate, even after due notices, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure ;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Rodricks Stany Joran to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. MR-HP/10/77(1)]

का०आ० 223.—यतः निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि मार्च, 1977 में हुए लोक सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 7-बम्बई उत्तर पूर्व निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री कमलाकर आत्माराम आधागले, तिलक नगर, चेम्बुर, बिल्डिंग सं० 70, रूम नं० 2510, बम्बई, 400089 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम,

1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असमर्थ रहे हैं,

और, यतः, उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक् सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यौचित्य नहीं है,

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री कमलाकर आत्माराम आधांगले को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० महा० लो०स०/7/77(2)]

आर० डी० शर्मा, अवर सचिव

ORDER

S.O. 223.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Kamlakar Atmaram Adhangale, Tilak Nagar, Chembur, Building No. 70, Room No. 2510, Bombay-40089, a contesting candidate for general election to the House of the People held in March, 1977 from 7-Bombay North-East constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder ;

And whereas the said candidate, even after due notices, has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure ;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Kamlakar Atmaram Adhangale to be disqualified for being chosen as, and for being, a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. MT-HP/7/77(2)]

R. D. SHARMA, Under Secy.

नई दिल्ली, 3 जनवरी, 1978

का०आ० 224.—लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (1950 का 43) की धारा 13-क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निर्वाचन आयोग आन्ध्र प्रदेश सरकार के परामर्श से, श्री दिलसुखराम, सरकार के सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग को 31 अक्तूबर, 1977 (पूर्वाह्न) से अगले आदेशों तक श्री के० बी० लाल के स्थान पर, आन्ध्र प्रदेश राज्य के मुख्य निर्वाचन आफिसर के रूप में एतद्द्वारा नाम निर्देशित करता है।

[सं० 154/आ०प्र०/77]

एस० पी० राजे, अवर सचिव

New Delhi, the 3rd January, 1978

S.O. 224.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 13A of the Representation of the People Act, 1950 (43 of 1950), the Election Commission of India, in consulation with the Government of Andhra Pradesh, hereby nominates Shri Dilsukhram, Secretary to Govt., General Administration Department as the Chief Electoral Officer, Andhra Pradesh with effect from 31 October, 1977 (AN) and until further orders vice Shri K. B. Lal.

[No. 154/AP/77]

S. P. RAJE, Under Secy.

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 7 जनवरी, 1978

का०आ० 225.—एकाधिकार एवं निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उप-धारा (3) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स नीलहाट शिपिंग कम्पनी लिमिटेड के कथित अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या 1296/76) के निरस्तीकरण को अधिसूचित करती है।

[संख्या 2/18/77-एम०-2]

MINISTRY OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS

(Department of Company Affairs)

New Delhi, the 7th January, 1978

S.O. 225.—In pursuance of sub-section (3) of section 26 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969, (54 of 1969), the Central Government hereby notifies the cancellation of the Registration of M/s. Nilhat Shipping Co. Ltd. under the said Act (Certificate of Registration No. 1296476).

[F. No. 2/18/77-M. II]

का०आ० 226.—एकाधिकार एवं निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उपधारा (3) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स जे० थामस एण्ड कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड के कथित अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या 1297/76) के निरस्तीकरण को अधिसूचित करती है।

[संख्या 2/29/77-एम०-2]

S.O. 226.—In pursuance of sub-section (3) of section 26 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969, (54 of 1969), the Central Government hereby notifies the cancellation of the Registration of M/s. J. Thomas & Co. Pvt. Ltd. under the said Act (Certificate of Registration No. 1297476).

[No. 2/29/77-M. II]

का० आ० 227.—एकाधिकार एवं निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उप-धारा (3) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स साराभाई सन्स लिमिटेड के कथित अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या 526/70) के निरस्तीकरण को अधिसूचित करती है।

[संख्या 2/32/74-एम०-2]

S.O. 227.—In pursuance of sub-section (3) of section 26 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969, (54 of 1969), the Central Government hereby notifies the cancellation of the Registration of M/s. Sarabhai Sons Ltd. under the said Act (Certificate of Registration No. 526/70).

[F. No. 2/32/74-M. II]

नई दिल्ली, 9 जनवरी, 1978

का० आ० 228.—एकाधिकार एवं निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उप-धारा (3) के अनुसरण, में केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स ट्यूब्स एण्ड मैलियोबिल्स लिमिटेड के कथित अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या 1056/75) के निरस्तीकरण को अधिसूचित करती है।

[सं० 2/52/75-एम०-2]

New Delhi, the 9th January, 1978

S.O. 228.—In pursuance of Sub-Section (3) of Section 26 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969 (54 of 1969), the Central Government hereby notifies the cancellation of the Registration of M/s. Tubes And Malleables Ltd. under the said Act (certificate of Registration No. 1056/75).

[F. No. 2/52/75-M. II]

का० आ० 229.—एकाधिकार एवं निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उप-धारा (3) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स ट्यूब सप्लाइर्स लिमिटेड के कथित अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाण पत्र संख्या 1099/75) के निरस्तीकरण को अधिसूचित करती है।

[सं० 2/53/75-एम० 2]

चन्द्रकान्त खुशाल दास, उप सचिव

S.O. 229.—In pursuance of sub-section (3) of Section 26 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969 (54 of 1969), the Central Government hereby notifies the Cancellation of the Registration of M/s. Tube Suppliers Limited under the said Act (Certificate of Registration No. 1099/75)

[F. No. 2/53/75-M. II]

C. KHUSHALDAS, Dy. Secy.

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 2 जनवरी, 1978

का०आ० 230.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा घोषित करती है कि उपर्युक्त अधिनियम की धारा 31 के उपबन्ध तथा बैंकिंग विनियमन (सहकारी समितियां) नियम, 1966 के नियम 10 रत्नागिरि अर्बन कोआपरेटिव बैंक लि० रत्नागिरी पर उस सीमा तक लागू नहीं होंगे जहां तक कि उनका सम्बन्ध समाचार पत्र में लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के साथ 30 जून, 1976 को समाप्त होने वाली वर्ष के तुलन पत्र लाभ हानि लेखा के प्रकाशन से है।

[संख्या एफ० 8-5/77-ए०सी०]

लोकेन्द्र नाथ शर्मा, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

(Banking Division)

New Delhi, the 2nd January, 1978

S.O. 230.—In exercise of the powers conferred by the section 53 read with section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of section 31 of the said Act and Rule 10 of the Banking Regulation (Cooperative Societies) Rules, 1966 shall not apply to the Ratnagiri Urban Cooperative Bank Ltd., Ratnagiri in so far as they relate to the publication of its balance sheet, profit and loss account for the year ended the 30th June, 1976 together with the auditor's report in a newspaper.

[No. F. 8-5/77-AC]

L. N. SHARMA, Under Secy.

नई दिल्ली, 6 जनवरी, 1978

का०आ० 231.—भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 (1955 का 23) की धारा 19 की उप-धारा (1) के खण्ड (ख) और 20 की उपधारा (1) के अनुसरण में, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के उप प्रबन्ध निदेशक श्री वी० एस नटराजन् को 6 जनवरी, 1978 से आरम्भ होने वाली तथा 5 जनवरी, 1981 को समाप्त होने वाली 3 वर्षों की अवधि के लिए भारतीय स्टेट बैंक का प्रबन्ध निदेशक नियुक्त करती है।

[सं० एफ० 8/7/77-बी० ओ०-I]

बलदेव सिंह, संयुक्त सचिव

New Delhi, the 6th January, 1978

S.O. 231.—In pursuance of clause (b) of sub-section (1) of section 19 and sub-section (1) of section 20 of the State Bank of India Act, 1955 (23 of 1955), the Central Government, in consultation with the Reserve Bank, hereby appoints Shri V. S. Natarajan, Deputy Managing Director of the State Bank of India as the Managing Director of the State Bank of India for a term of three years commencing on 6th January, 1978 and ending with 5th January, 1981.

[No. F. 8/7/77-BO-I]

BALDEV SINGH, Jt. Secy.

नई दिल्ली, 7 जनवरी, 1978

का०आ० 232.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा घोषित करती है कि उपर्युक्त अधिनियम की धारा 9 के उपबन्ध 20, रिपन स्ट्रीट और 38 वेस्टर्न स्ट्रीट कलकत्ता में स्थित दो मंजिला पुरानी बिल्डिंगों के बारे में 18 नवम्बर, 1978 तक युनाइटेड इंडस्ट्रियल बैंक लि०, कलकत्ता पर लागू नहीं होंगे।

[संख्या 15 (37)-बी०ओ०-III/77]

मे० भा० उसगांवकर, अवर सचिव

New Delhi, the 7th January, 1978

S.O. 232.—In exercise of the powers conferred by Section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of Section 9 of the said Act shall not apply till the 18th November 1978 to the United Industrial Bank Ltd., Calcutta, in respect of the two storeyed old buildings situated at 20, Ripon Street and 38, Weston Street, Calcutta.

[No 15(37)?H.O./III/77]

M. B. USGAONKAR, Under Secy.

(बीमा पक्ष)

आदेश

नई दिल्ली, 2 दिसम्बर, 1977

का०आ० 233.—केन्द्रीय सरकार, बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) की धारा 64 पड की उपधारा (10) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व और बीमा विभाग) के आदेश सं० का० आ० 1983 तारीख 30 मई, 1970 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त आदेश से उपाबद्ध अनुसूची में मद 10 में अंत में "या भारतीय पोत सर्वेक्षक रजिस्टर" शब्द जोड़े जाएंगे।

[फा० सं० 51(7)/बीमा-I/77]

एम० रामानाथन, अवर सचिव

(Insurance Wing)

ORDER

New Delhi the 2nd December, 1977

S.O. 233.—In exercise of the powers conferred by sub-section (10) of section 64 UM of the Insurance Act, 1938 (4 of

1938), the Central Government makes the following amendment to the Order of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Revenue and Insurance No. S.O. 1983, dated the 30th May, 1970, namely :—

In the Schedule annexed to the said Order, in item 10, the words "or Indian Register of Shipping Surveyors" shall be added at the end.

[F. No. 51(7)/Ins-1/77]

S. RAMANATHAN, Addl. Secy.

नई दिल्ली, 10 जनवरी, 1978

बीमा

का०आ० 234.—केन्द्रीय सरकार, सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 (1971 का 40) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व और बीमा विभाग) की अधिसूचना सं० का०आ० 552 तारीख 16 फरवरी, 1974 को अधिक्रांत करते हुए, नीचे की सारणी के स्तंभ 2 में विनिर्दिष्ट अधिकारियों को, जो जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 (1956 का 31) के अधीन के अधीन स्थापित भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारी हैं, और जो कि सरकार के राजपत्रित अधिकारी की पंक्ति के समतुल्य अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के प्रयोजनों के लिए सम्पदा अधिकारी नियुक्त करती है। उक्त संपदा अधिकारी उक्त निगम की, या उसके द्वारा या उसकी ओर से पट्टे पर ली गई सम्पत्ति के संबंध में, उक्त सारणी के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट अपनी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर उक्त अधिनियम द्वारा या उसके अधीन संपदा अधिकारियों को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग और अधिरोपित कर्तव्यों का पालन करेंगे।

सारणी

क्रम सं०	अधिकारी का पदामिधान	अधिकारिता की स्थानीय सीमाएं
(1)	(2)	(3)
1.	सचिव, उत्तरी क्षेत्र कार्यालय, नई दिल्ली।	हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश राज्य और चण्डीगढ़ तथा दिल्ली संघ राज्यक्षेत्र
2.	सचिव, केन्द्रीय-क्षेत्र कार्यालय, कानपुर	मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश राज्य।
3.	सचिव, पूर्वी क्षेत्र कार्यालय कलकत्ता	असम, मेघालय, बिहार, नागालैण्ड, उड़ीसा, पश्चिमी बंगाल, मणिपुर और त्रिपुरा राज्य तथा अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम संघ राज्य क्षेत्र।
4.	सचिव, पश्चिमी क्षेत्र मुम्बई।	गुजरात और महाराष्ट्र राज्य और दादरा और नगर हवेली और गोवा दमण और दीव संघ राज्य क्षेत्र।
5.	सचिव, दक्षिण-क्षेत्र कार्यालय, मद्रास।	आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य और लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र तथा पाण्डिचेरी संघ राज्य क्षेत्र का माहे।

[फा० सं० 102/33/77-बीमा-IV]

आर० डी० खानवालकर, अवर सचिव

New Delhi, the 10th January, 1978

INSURANCE

S.O. 234.—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants Act, 1971 (40 of 1971) and in supersession of the notifications of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Revenue and Insurance) No. S.O. 552, dated 16th February, 1974 and No. S.O. 1021, dated 24th February, 1976, the Central Government hereby appoints the Officers specified in column (2) of the Table below, being officers of the Life Insurance Corporation of India established under the Life Insurance Corporation Act, 1956 (31 of 1956), and being officers equivalent to the rank of a gazetted officer of Government, to be estate officers for the purposes of the said Act and the said estate officers shall exercise the powers conferred, and perform the duties imposed, on estate officers by or under the said Act within the local limits of their respective jurisdiction, specified in column (3) of the said Table, in respect of the properties belonging to, or taken on lease by or on behalf of the said Corporation.

TABLE

Sl. No.	Designation of Officer	Local limits of Jurisdiction
1	2	3
1.	The Secretary at Northern Zonal Office, New Delhi.	States of Haryana, Jammu and Kashmir, Punjab, Rajasthan and Himachal Pradesh and Union territories of Chandigarh and Delhi.
2.	The Secretary at Central Zonal Office, Kanpur.	States of Madhya Pradesh and Uttar Pradesh.
3.	The Secretary at Eastern Zonal Office, Calcutta.	States of Assam, Meghalaya, Bihar, Nagaland, Orissa, West Bengal, Manipur and Tripura and Union territories of Andaman and Nicobar Islands, Arunachal Pradesh and Mizoram.
4.	The Secretary at Western Zonal Office, Bombay.	States of Gujarat and Maharashtra and Union territories of Dadra and Nagar Haveli and Goa, Daman and Diu.
5.	The Secretary at Southern Zonal Office, Madras.	States of Andhra Pradesh, Kerala, Karnataka and Tamil Nadu and Union territories of Lakshadweep and Mahe of Union territories of Pondicherry.

[F. No. 102/33/77-Ins IV.]

R. D. KHANWALKAR, Under Secy.

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 9 नवम्बर, 1977

आय-कर

का० आ० 235.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित वैज्ञानिक अनुसंधान कार्यक्रम को विहित प्राधिकारी, अर्थात् भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली ने आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (2क) के प्रयोजनों के लिए नीचे विनिर्दिष्ट अवधि के लिए अनुमोदित किया है :

वैज्ञानिक अनुसंधान परियोजना कार्यक्रम : कुष्ठता का शीघ्र पता लगाना और उसकी रसायनिक चिकित्सा (इसके अंतर्गत औषधि प्रतिरोध भी है)

आयोजन कर्ता :	फाउन्डेशन फार मेडिकल रिसर्च बाम्बे
आरम्भ होने की तारीख :	19 अगस्त, 1977
पूर्ण होने की अनुमानित तारीख :	18 अगस्त, 1982
अनुमानित लागत :	84 लाख (चौरासी लाख रुपया मात्र)

फाउन्डेशन आफ मेडिकल रिसर्च बाम्बे को आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 (1) (iii) के अधीन वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग की अधिसूचना सं० 1200 (फा० सं० 203/3/76 आ०क०अ०II) तारीख 15-1-76 के अधीन अनुमोदित किया जा चुका है।

[सं० 2042/फा०सं० 203/129/77-आ०क०अ०-II]

जे० पी० शर्मा, उप-सचिव

(Department of Revenue)

New Delhi, the 9th November, 1977

INCOME TAX

S.O. 235.—It is hereby notified for general information that the following scientific research programme has been approved for the period specified below for the purposes of sub-section (2A) of section 35 of the Income-tax Act, 1961 by the prescribed authority, the Indian Council of Medical Research, New Delhi.

Name of the Scientific Research Programme :	Early Detection of Leprosy and its Chemotherapy (including Drug Resistance.)
To be undertaken by :	Foundation for Medical Research, Bombay.
Proposed date of Commencement :	19th August, 1977.
Anticipated date of Completion :	18th August, 1982.
Estimated Expenditure :	84 Lakhs (Rupees Eighty-four lakhs only).

The Foundation of Medical Research, Bombay has been approved under section 35(1)(ii) of the Income-tax Act, vide Ministry of Finance, Department of Revenue, Notification No. 1200 (F. No. 203/3/76-ITA.II), dated 15-1-76.

[No. 2042/F No. 203/129/77-ITA.II]

J.P. Sharma, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 21 जनवरी, 1978

सीमा-शुल्क

का०आ० 236.—केन्द्रीय सरकार, सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) की धारा 7 के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (राजस्व और बीमा विभाग) की अधिसूचना सं० 48-सीमा-शुल्क तारीख 25 मार्च, 1972 को विखंडित करती है।

[सं० 17-सीमा-शुल्क/फा०सं० 574/7/77-एल०सी-II]

एन० कृष्णमूर्ति, अवर सचिव

New Delhi, the 21st January, 1978

CUSTOMS

S.O. 236.—In exercise of the powers conferred by clause (d) of Section 7 of the Customs Act, 1962 (52 of 1962), the Central Government hereby rescinds the notification of the Government of India in the Ministry of Finance (Department of Revenue and Insurance) No. 48-Customs, dated the 25th March, 1972.

[No. 17-Customs F. No. 574/7/77-LC-II]

N. KRISHNAMURTHY Under Secy.

आयकर आयुक्त कार्यालय, पटियाला

पटियाला, 28 दिसम्बर, 1977

(आयकर)

का० आ० 237.—धारा 287 के अधीन करदाताओं की सूची :—

भाग (क)

ऐसे करदाताओं की सूची, जिन पर वित्तीय वर्ष 1976-77 के दौरान आय छिपाने के कारण 5000/रुपए (पांच हजार रुपये) से अन्यून का अर्थदंड (पेनल्टी) लगाया गया था।

करदाता का नाम	हैसियत	निर्धारण वर्ष	अर्थदंड की रकम
मसर्ज शंकर आयरन एण्ड स्ट्रील रोलिंग मिल्ज, अमलोह	रजिस्टर्ड फर्म	1972-73	8,500 रुपए
		1973 74	29,196 रुपए

भाग (ख)

ऐसे करदाताओं की सूची, जिन पर विर्तीय वर्ष 1976-77 के दौरान आय विवरणी फाइल न करने के कारण अथवा लेखा बहियां प्रस्तुत न करने के कारण 5000 रुपए (पांच हजार रुपये) से अन्यून का अर्थदंड (पेनल्टी) लगाया गया था।

क्रम सं०	करदाता का नाम	हैसियत	निर्धारण वर्ष	अर्थदंड की रकम
1.	मैसर्ज प्योर ड्रिंक्स (प्रा०) लि० (अम्बई), पटियाला	कम्पनी	1973-74	6,848 रुपए
2.	श्री हरजीत सिंह, मार्फत मै० पटियाला बस सर्विस (प्रा०) लि०, सरहिन्द	व्यष्टि (इन्डिविजुअल)	1969-70	6,900 रुपए
			1974-75	5,094 रुपए
3	श्री केसर सिंह मार्फत यथोपरि	व्यष्टि	1972-73	5,000 रुपए
4.	श्री किरपाल सिंह मार्फत यथोपरि	व्यष्टि	1972-73	5,157 रुपए
5.	श्री बलवीर सिंह मार्फत यथोपरि	व्यष्टि	1972-73	17,640 रुपए

भाग (ग)

ऐसे करदाताओं की सूची, जिन पर वित्तीय वर्ष 1976-77 के दौरान करों की अदायगी न करने पर 5000 रुपए (पांच हजार रुपये) से अन्यून का अर्थदंड (पेनल्टी) लगाया गया था ।

क्रम सं०	करदाता का नाम	हैसियत	निर्धारण वर्ष	अर्थदंड की रकम
1.	मैसर्ज पंजाब बीवेरेजिज (प्रा०) लि०, पटियाला	कम्पनी	1975-76	5,000 रुपए
2.	मैसर्ज प्योर ड्रिंक्स (प्रा०) लि० (बम्बई), पटियाला	कम्पनी	1973-74	5,000 रुपए

[फा० सं० रैक (प्रकाशन/II)]

वी० पी० गुप्ता, आयकर आयुक्त

Office of the Commissioner of Income tax, Patiala

Patiala, the 28th December, 1977

INCOME-TAX

S.O. 237.—List of assessees u/s 287 :—

PART (a)

Assessees on whom a penalty of not less than Rs.5,000 (Rupees five thousands) was imposed for concealment of income during the financial year, 1976-77.

Name of the assessee	Status	Assessment Year	Amount of penalty
M/s. Shankar Iron & Steel Rolling Mills, Amloh.	Regd. firm	1972-73	Rs. 8,500
		1973-74	Rs. 29,196

PART (b)

Assessees on whom a penalty of not less than Rs. 5,000 (Rupees five thousand) was imposed for failure to file return of income or to produce books of account during the financial year 1976-77.

Sl. No.	Name of the assessee	Status	Assessment Year	Amount of penalty
1.	M/s Pure Drinks (P) Ltd., (Bombay), Patiala.	Coy.	1973-74	Rs. 6,848/-
2.	Sh. Harjit Singh C/o M/s. Patiala Bus Service (P) Ltd., Sirhind.	Indl.	1959-70	Rs. 6,900/-
			1974-75	Rs. 5,094/-
3.	Sh. Kesar Singh C/o above	Indl.	1972-73	Rs. 5,000/-
4.	Sh. Kirpal Singh C/o above.	Indl.	1972-73	Rs. 5,457/-
5.	Sh. Balbir Singh C/o above	Indl.	1972-73	Rs. 17,640/-

PART (c).

Assessees on whom a penalty of not less than Rs. 5,000 (Rupees five thousand) was imposed for non-payment of taxes during the financial year 1976-77.

Sr. No.	Name of the assessee	Status	Assessment Year.	Amount of penalty
1.	M/s. Punjab Beverages (P) Ltd., Patiala.	Coy.	1975-76	Rs. 5,000/-
2.	M/s. Pure Drinks (P) Ltd., (Bombay), Patiala.	Coy.	1973-74	Rs. 5,000/-

[F. No. Rec./Publication/II]

V. P. GUPTA, Commissioner

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

नई दिल्ली, 24 सितम्बर, 1977.

आय-कर

का०आ० 238.—पर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित संस्था को केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने मात्र प्रौद्योगिकीय परामर्श एवं प्रबंध परामर्श के क्षेत्र में आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 35 घ की उपधारा (2) के खण्ड (क) के प्रयोजनों के लिए अनुमोदित किया है ।

संस्था

इस्टीट्यूशन आफ इकनामिक एण्ड मार्केट रिसर्च, नई दिल्ली

अनुमोदन 1 अप्रैल, 1977 से प्रभावी है ।

[सं० 1996/फा०सं० 203/19/72-आई टी० ए-II]

CENTRAL BOARD OF DIRECT TAXES

New Delhi, the 24th September, 1977

INCOME TAX

S.O. 238.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Central Board of Direct Taxes for the purposes of clause (a) of sub-section (2) of Section 35D of the Income-tax Act, 1961, in the field of Technological Consultancy and management consultancy only.

INSTITUTION

The Institute of Economic & Market Research, New Delhi

The approval takes effect from 1st April, 1977.

[No. 1996/F. No. 203/19/72-ITA. II]

नई दिल्ली, 29 अक्तूबर, 1977

आय-कर

का०आ० 239.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित संस्था को केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35घ की उपधारा (2) के खण्ड (क) के प्रयोजनों के लिए परामर्श सेवा के तीन क्षेत्रों अर्थात प्रौद्योगिकी परामर्श, इंजीनियरी परामर्श और प्रबन्ध परामर्श के लिए अनुमोदित किया गया है।

संस्था

जे०पी० मुकर्जी एण्ड एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई ।

यह अधिसूचना 1 अप्रैल, 1977 से प्रभावी होगी।

[सं० 2032/फा० सं० 203/58/77-आई टी ए-II]

New Delhi, the 29th October, 1977

INCOME TAX

S.O. 239.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Central Board of Direct Taxes for the purposes of clause (a) of sub-section (2) of section 35D of the Income-tax Act, 1961, in the three areas of consultancy service, viz., Technological consultancy, Engineering Consultancy and Management Consultancy.

INSTITUTION

J. P. Mukherji & Associates Private Limited, Bombay.

The approval takes effect from 1st April, 1977.

[No. 2032/F. No. 203/58/77-ITA-II]

आय-कर

का०आ० 240—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित संस्था को केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35घ की उपधारा (2) को खण्ड (क) के प्रयोजनों के लिए, परामर्श के तीनों क्षेत्रों अर्थात् प्रौद्योगिकी, इंजीनियरी और प्रबंध के क्षेत्र में अनुमोदित किया है ।

संस्था

कोठारी कंसल्टेन्ट्स एण्ड इंजीनियर्स लिमिटेड, मद्रास ।

अनुमोदन 1 अप्रैल, 1976 से प्रभावी है।

[सं० 2031/फा० सं० 203/28/77-आ०क०अ०-II]

INCOME TAX

S.O. 240.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Central Board Direct Taxes for the purposes of clause (a) of sub-section (2) of Section 35D of the Income-tax Act, 1961, in all the three consultancy fields, viz., Technological, Engineering & Management.

INSTITUTION

Kothari Consultants and Engineers Limited, Madras.

The approval takes effect from 1st April, 1976.

[No. 2031/F. No. 203/28/77-ITA-II]

नई दिल्ली, 9 नवम्बर, 1977

आयकर

का०आ० 241.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित संस्था को, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा आय कर अधि-नियम, 1961 की धारा 35घ की उपधारा (2) के खण्ड (क) के प्रयोजनार्थ (क) प्रौद्योगिक परामर्श और (ख) इंजीनियरी परामर्श की बाबत अनुमोदित किया गया है।

संस्था

पावर गैस इण्डिया लिमिटेड, मुम्बई ।

अनुमोदन 1-1-1977 से प्रभावी है।

[सं० 2043/फा० सं० 203/9/77-आ०क० अ०-II]

जे० पी० शर्मा, सचिव

New Delhi, the 9th November, 1977

INCOME TAX

S.O. 241.—It is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been approved by the Central Board of Direct Taxes for the purposes of clause (a) of sub-section (2) of Section 35D of the Income-tax Act, 1961, in respect of (a) Technological Consultancy and (b) Engineering Consultancy.

INSTITUTION

Power Gas India Limited, Bombay.

The approval takes effect from 1-1-1977.

[No. 2043/F. No. 203/9/77-ITA-II]

J. P. SHARMA, Secy.

वाणिज्य मंत्रालय

संयुक्त मुख्य नियंत्रक आयात निर्यात का कार्यालय, मद्रास

आदेश

मद्रास, 4 नवम्बर, 1977

का० आ० 242.—आयात लाइसेंस सं० पी/जेड/0267/190/सी/एक्स एक्स/63/एम/76 दिनांक 24-5-1977, सर्वश्री बी० एस० मेटल्स, 71-ए, मिन्ट स्ट्रीट, मद्रास-600001 को जारी किया गया था ।

सार्वजनिक सूचना सं० 30/77, दिनांक 28-5-77 के अनुसार आयात लाइसेंसधारियों के लिए यह आवश्यक था कि वे आयात लाइसेंस जारी होने की तारीख से तीन मास के अन्दर माल को आयात करने के लिए पक्की वचनबद्धता कर दें और ऐसा न करने पर लाइसेंस स्वतः अवैध समझा जाएगा। सर्वश्री बी० एस० मेटल्स, 71-ए, मिन्ट स्ट्रीट, मद्रास-1 को एक कारण बताओ सूचना दिनांक 25-8-1977 को जारी की गई थी कि क्या पार्टी ने निर्धारित अवधि के भीतर पक्की वचनबद्धता कर ली है और यदि नहीं की हो तो उक्त आयात लाइसेंस क्यों न रद्द कर दिया जाना चाहिए। पार्टी ने कारण बताओ सूचना का न कोई उत्तर दिया है और न ही यह सिद्ध करने के लिए कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किया है कि उन्होंने पक्की वचनबद्धता की है।

2. पूर्वोक्त कंडिकाओं में जो कुछ भी वर्णन किया है, इसे ध्यान में रखते हुए अधोहस्ताक्षरी संतुष्ट है कि विषयाधीन आयात लाइसेंस रद्द कर दिया जाना चाहिए अथवा अन्यथा रूप से अप्रभावित कर दिया जाना चाहिए। अतः समय-समय पर यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की धारा 9, उप-धारा (सी सी) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग कर अधोहस्ताक्षरी पार्टी के नामें जारी किए गए उक्त आयात लाइसेंस को एतद्द्वारा रद्द करता है।

[सं० आईटीसी/1203/748(ए)/3/4/ए एम०-77/ई० आई०]

MINISTRY OF COMMERCE

Office of the Joint Chief Controller of Imports & Exports, Madras

ORDER

Madras, the 4th November, 1977

S.O. 242.—The Import licence No. P/Z/0267190/C/XX/63/M/76 dated 24-5-1977 was issued to M/s. B. S. Metals, 71-A, Mint Street, Madras-600001.

In terms of Public Notice No. 30/77 dated 28-5-1977 the import licence holder were required to enter into firm commitments for import of the materials within three months from the date of issue of licence, failing which the licence will automatically stand invalidate. A show cause Notice dated 25-8-1977 was issued to M/s. B. S. Metals, 71-A, Mint Street, Madras-1 as to whether any firm commitment has been made within the stipulated period and if not, why the said import licence should not be cancelled. The firm have not replied to the show cause Notice nor produced any documentary evidence to show that they have entered into firm commitments.

Having regard to what has been stated in the preceding paragraphs, the undersigned is satisfied that the import licence, in question, should be cancelled or otherwise rendered ineffective. Therefore, the undersigned in exercise of the powers vested in under sub-clause (CC) of Clause 9 of the Import (Control) Order, 1955 as amended from time to time hereby cancel the import licence mentioned above and issued in favour of the firm.

[No. ITC/1203/748(a)/iii/IV/AM. 77/EI]

आदेश

फा० आ० 243.—आयात लाइसेंस सं० पी/जेड/0266816/सी/एक्स एक्स/63/एम/76, दिनांक 26-5-77, सर्वश्री सुमेरमल चम्पालाल, 27-बी० एस० एस० कोएल स्ट्रीट, वेलोर-4 को जारी किया गया था ।

सार्वजनिक सूचना सं० 30/77, दिनांक 28-5-77 के अनुसार आयात लाइसेंसधारियों को आयात लाइसेंस जारी होने की तारीख से तीन मास के अन्दर माल आयात करने के लिए पक्की वचनबद्धता कर लेनी थी और ऐसा न करने पर लाइसेंस स्वतः अर्वैध समझा जाएगा । सर्वश्री सुमेरमल चम्पालाल, 27 बी० एस० एस० कोयल स्ट्रीट, वेलोर 4 को एक कारण बताओ सूचना, दिनांक 25-8-77 यह पूछते हुए जारी की गई थी कि क्या पार्टी ने निर्धारित अवधि के भीतर पक्की वचनबद्धता कर ली है और यदि नहीं तो उक्त आयात लाइसेंस क्यों न रद्द कर दिया जाना चाहिए । पार्टी ने कारण बताओ सूचना का न तो कोई उत्तर दिया है और न ही यह सिद्ध करने के लिए कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किया है कि उन्होंने पक्की वचनबद्धता कर ली है ।

पूर्वोक्त कंडिकाओं में जो कुछ भी वर्णन किया है उसे ध्यान में रखते हुए अधोहस्ताक्षरी सन्तुष्ट है कि विषयाधीन आयात लाइसेंस रद्द अथवा अन्यथा रूप से अप्रभावित कर दिया जाना चाहिए । अतः समय-समय पर यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश, 1955 की धारा 9, उप-धारा (सी सी) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग कर अधोहस्ताक्षरी पार्टी के नाम में जारी किए गए उक्त आयात लाइसेंस को एतद् द्वारा रद्द करता है ।

[सं० आईटीसी/621-622/21(2)/4/ए एम-77]

के० एम० आर० मेनन, उप-मुख्य नियंत्रक

ORDER

S.O. 243.—The import licence No. P/Z/0266816/C/XX/63/M/76, dated 26-5-1977 was issued to M/s. Sumermal Champalal, 27, B. S. S. Koil Street, Vellore-4.

In terms of Public Notice No. 30/77, dated 28-5-1977 the Import Licence holders were required to enter into firm commitments for import of the materials within three months from the date of issue of licence, failing which the licence will automatically stand invalidate. As how cause Notice, dated 25-8-1977 was issued to M/s. Sumermal Champalal, 27, B.S.S. Koil Street, Vellore-4, as to whether any firm commitments has been made within the stipulated period and if not why the said import licence should not be cancelled. The firm have not replied to the show cause notice nor produced any documentary evidence to show that they have entered into firm commitments.

Having regard to what has been stated in the preceding paragraphs, the undersigned is satisfied that the import licence, in question, should be cancelled or otherwise rendered ineffective. Therefore, the undersigned in exercise of the powers vested in under sub-clause (CC) of Clause 9 of the Import (Control) Order 1955, as amended from time to time hereby cancel the import licence mentioned above and issued in favour of the firm.

[No. ITC/621-622/21(ii)/IV/AM. 77]

K. M. R. MENON, Dy. Chief Controller

नई दिल्ली, 11 जनवरी, 1978

तम्बाकू उद्योग विकास नियंत्रण

फा० आ० 244.—तम्बाकू बोर्ड नियम, 1976 के नियम 3 तथा 4 के साथ पठित तम्बाकू बोर्ड अधिनियम, 1975 (1975 का 4) की धारा 4 की उपधारा (4) के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार श्री टी० एल० शर्मा, तम्बाकू विकास अधिकारी, मुजफ्फरपुर तथा श्री वी० एस० सिन्हा, सहकारिता के अपर सचिव तथा गुजरात राज्य सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार, अहमदाबाद की वर्तमान कालावधि 31 दिसम्बर, 1977 को पूरी होने से खाली होने वाले दो स्थानों पर तम्बाकू बोर्ड के सदस्य के रूप में क्रमशः डा० आर० एल० नागपाल, कृषि (बागवानी) के संयुक्त निदेशक, पूना-1 तथा डा० अनिरुद्ध मिश्र, उड़ीसा कृषि तथा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के प्राध्यापक तथा विभाग अध्यक्ष, भुवनेश्वर को एतद्-द्वारा नियुक्त करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना में, "धारा 4 की उपधारा (4) के खण्ड (घ) के अधीन नियुक्त" शीर्षक के अन्तर्गत क्रमांक 12 तथा 13 और उससे सम्बन्धित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नोक्त क्रमांक तथा प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात् :—

"12.	डा० आर० एल० नागपाल, कृषि (बागवानी) के संयुक्त निदेशक, महाराष्ट्र सरकार, पूना-1	सदस्य—महाराष्ट्र सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए ।
13.	डा० अनिरुद्ध मिश्र, उड़ीसा कृषि तथा प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के प्राध्यापक तथा विभाग अध्यक्ष, भुवनेश्वर ।	सदस्य—उड़ीसा सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए ।"

[फा० सं० 8/7/77-ई० पी०-(एपी-6)]

एन० के० गुप्ता, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 11th January, 1978

TOBACCO INDUSTRY DEVELOPMENT CONTROL

S.O. 244.—In exercise of the powers conferred by clause (d) of sub-section (4) of section 4 of the Tobacco Board Act, 1975 (4 of 1975), read with rules 3 and 4 of the Tobacco Board Rules, 1976, the Central Government hereby appoints Dr. R. L. Nagpal, Joint Director of Agriculture (Horticulture), Punc-1 and Dr. Anirudha Misra, Professor and Head of the Department of Agronomy, Orissa University of Africulture and Technology, Bhubneswar respectively, as member of the Tobacco Board in the two vacancies cause by the completion on 31st December, 1977 of existing term of Shri T. L. Sharma, Tobacco Development Officer, Muzaffarpur and Shri V. S. Sinha, Additional Commissioner of Co-operation and Registrar of Co-operative Societies, Gujarat State, Ahmedabad, and

makes the following further amendment in the notification the Government of India in the Ministry of Commerce No. S.O. 5417, dated the 17th December, 1975, namely :—

In the said notification, under the heading "Appointed under clause (d) of sub-section (4) of section 4", for serial numbers 12 and 13 and the entries relating thereto, the following serial numbers and entries shall be substituted, namely :—

"12.	Dr. R.L. Nagpal, Joint Director of Agriculture (Horticulture), Government of Maharashtra, Pune-1.	Member—To represent the Government of Maharashtra.
13.	Dr. Anirudha Misra, Professor and Head of Department of Agronomy Orissa University of Agriculture and Technology, Bhubaneswar.	Member—Tox represent the Government of Orissa."

[File No. 8/7/77-EP (Agri.VI)]
N. K. GUPTA, Desk Officer

मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात का कार्यालय,

आदेश

नई दिल्ली, 12 जनवरी, 1978

का० आ० 245.—सर्वश्री आई० डी० एल० एग्रो कैमिकल्स लि०, नई दिल्ली, को आई डी० ए० क्रेडिट के अन्तर्गत 22 मी० टन डर्सबन एफ टेक का आयात करने के लिए 14,70,000 रुपए मूल्य का आयात लाइसेंस संख्या पी/डी/2198386, दिनांक 15 जून, 1974, प्रदान किया गया था ।

लाइसेंसधारी ने यह बताया है कि उक्त लाइसेंस की मुद्रा-विनिमय नियंत्रण प्रति उनके बैंकर अर्थात् सिटी बैंक, नई दिल्ली, अथवा भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रा विनिमय नियंत्रण विभाग द्वारा अस्थानस्थ हो गयी है और इसकी अनुलिपि प्रति जारी करने के लिए निवेदन किया है । शेष 25,000 रुपए को छोड़कर लाइसेंस का 19,45,000 रुपए के लिए उपयोग कर लिया गया था ।

अपने निवेदन के समर्थन में आवेदक ने एक शपथ-पत्र और अन्य दस्तावेजी साक्ष्य दाखिल किये हैं । अधोहस्ताक्षरी संतुष्ट है कि आयात लाइसेंस संख्या-पी/डी/2198386, दिनांक 15 जून, 1974 की मूल मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति खो गई है और निदेश देता है कि आवेदक को उक्त लाइसेंस की अनुलिपि मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति जारी की जानी चाहिए । लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति अलग से जारी की जा रही है ।

[संख्या सी एच/आई-116(1)ए एम-74आर एम-3/1056]
जी० एस० ग्रेवाल, उप-मुख्य नियंत्रक
कृते मुख्य नियंत्रक

Office of the Chief Controller of Imports and Exports

ORDER

New Dehli, the 12th January, 1978

S.O. 245.—M/s. IDL Agro Chemicals Ltd., New Delhi were granted Import Licence No. P/D/2198386, dated the 15th June, 1974 for Rs. 14,70,000 under IDA Credit for the import of 22mt. of Dursban F. Tech.

The licencee has reported that Exchange Control Copy of the said licence has been misplaced either by their bankers, namely City Bank, New Delhi or the Exchange Control Department of the Reserve Bank of India and has requested for issuing a duplicate copy thereof. The licence was utilised for Rs. 19,45,000 leaving a balance of Rs. 25,000.

In support of their request the applicant have filed an affidavit and other documentary evidence. The under-signed is satisfied that the Original Exchange Control Copy of the said licence be issued to the applicant. The Exchange Control Copy of the licence is being issued separately.

[No. CH/I-116(1)/AM. 74-R.M. III/1056]
G. S. GREWAL, Dy. Chief Controller
for Chief Controller

आदेश

का० आ० 246.—सर्वश्री टाटा हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर सप्लाई कम्पनी लिमिटेड, दि आन्ध्र वैली पावर सप्लाई कम्पनी लिमिटेड और दि टाटा पावर कम्पनी लिमिटेड, बम्बई को आयात लाइसेंस सं० पी/एच/2070982, दिनांक 17-12-76 प्रदान किया गया था । उन्होंने उपर्युक्त लाइसेंस की अनुलिपि की सीमा शुल्क प्रयोजन प्रति के लिए इस आधार पर आवेदन किया है कि मूल सीमा शुल्क प्रयोजन प्रति खो गई है । आगे यह भी बताया है की मूल सीमा शुल्क प्रयोजन प्रति बम्बई सीमा-शुल्क कार्यालय में पंजीकृत थी और उसका आंशिक उपयोग कर लिया गया था । कुल मूल्य जिसके लिए लाइसेंस जारी किया गया था वह 32,670 रुपए (बत्तीस हजार छः सौ सतर रुपए मात्र) था और वह कुल मूल्य जिसके लिए मूल प्रति उपयोग कर ली गई थी 9,733.00 रुपए था । अब अनुलिपि प्रति बाकी बचे हुए 22,937.00/-रुपए (बाइस हजार नौ सौ सैंतीस पए मात्र) को पूरा करने के लिए चाहिए ।

2. इस तर्क के समर्थन में, आवेदक ने नोटरी पब्लिक बम्बई, महाराष्ट्र राज्य के सामने विधिवत् शपथ ले कर दाखिल किया है । मैं संतुष्ट हूं कि उपर्युक्त लाइसेंस की मूल मुद्रा विनिमय नियन्त्रण प्रयोजन प्रति खो गई है । इसलिए यथा संशोधित आयात (नियन्त्रण) आदेश, 1955, दिनांक 7-12-55 की उपधारा 9 (सी सी) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग कर सर्वश्री दि टाटा हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर सप्लाई कम्पनी लिमिटेड, दी आन्ध्र वैली पावर सप्लाई कम्पनी लि० और दि टाटा पावर कम्पनी लिमिटेड, बम्बई को जारी किए गए उपर्युक्त मूल लाइसेंस सं० पी/एच/2070982, दिनांक 17-12-76 को एतद्द्वारा रद्द किया जाता है और आगे यह निदेश देता हूं कि उपर्युक्त लाइसेंस की अनुलिपि सीमा शुल्क प्रयोजन प्रति जारी की जाए ।

[संख्या सी० जो०-4/एच० ई० पी (टी-40)/76-77]
टी० टी० ला, उप-मुख्य नियंत्रक

ORDER

S.O. 246.—M/s. The Hydro-Electric Power Supply Company Limited, The Andhra Valley Power Supply Company Limited and The Tata Power Company Limited, Bombay were granted an import licence No. P/H/2070982, dated 17-12-1976. They have applied for a duplicate Customs Purposes Copy of the said licence on the grounds that the original Customs Purposes Copy has been misplaced/lost. It is further stated that the original Customs Purposes Copy was registered with Bombay Custom House and utilised partly. The total amount for which the licence was issued is Rs. 32,670 (*Rupees thirtytwo thousand six hundred* and seventy only) and the total amount for which the original copy was utilised is Rs. 9,733. The duplicate copy now required is to cover the balance of Rs. 22,937 (Rupee twenty two thousand nine hundred and thirtyseven only).

2. In support of this contention, the applicant has filed an affidavit duly sworn in before the Notary Public Bombay, Maharashtra State. I am satisfied that the original Customs Purposes Copy of the said licence has been lost. Therefore, in exercise of powers conferred under sub-clause 9(cc) of the Import (Control) Order, 1955, dated 7-12-19755 as amended, the said Original Customs Purposes Copy of licence No. P/H/2070982 dated 17-12-1976 issued to M/s. The Tata Hydre Electric Power Supply Co. Limited and The Andhra Valley Power Supply Company Limited and The Tata Power Company Ltd., Bombay is hereby cancelled and further direct that a duplicate Customs Purposes Copy of the said licence may be issued.

[No. CG. IV/HEP(T-40)/76-77]
T. T. LA, Dy. Chief Controller

ऊर्जा मंत्रालय

(विद्युत विभाग)

नई दिल्ली 12 जनवरी, 1978

का० आ० 247.—केन्द्रीय सरकार, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 (1966 का 31) की धारा 80 की उप-धारा (5) के अनुसरण में, व्यास परियोजना के संघटक, अर्थात् व्यास पारेषण परियोजना-यूनिट-I के अन्तर्गत एकमात्र कार्य के रूप में पंजाब राज्य बिजली बोर्ड द्वारा निष्पादित 220 के०वी०डी०सी० देहर गंगुवाल लाइन, जिसके संबंध में सन्निर्माण पूरा हो गया है, उक्त अधिनियम की धारा 80 की उप-धारा (6) के साथ पठित धारा 79 के अधीन गठित भाखड़ा प्रबन्ध बोर्ड को तुरन्त अन्तरित करती है ।

[सं० 21/14/76-बी० एण्ड बी०-खण्ड-II]
पी० एम० बेलिअप्पा, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF ENERGY

(Department of Power)

New Delhi, the 12th January, 1978

S.O. 247.—In pursuance of sub-section (5) of section 80 of the Punjab Re-organisation Act, 1966 (31 of 1966), the Central Government hereby transfers, with immediate effect, the component of the Beas Project, namely, 220 KV D.C. Dehar Ganguwal line executed by the Punjab State Electricity Board as exclusive work under Beas Transmission Project-Unit-I in relation to which the construction has been completed, to the Bhakra Beas Management Board constituted under section 79, read with sub-section (6) of section 80, of the said Act.

[No. 21/14/76-B&B-Vol. II]
P. M. BELLIAPPA, Jt. Secy.

नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय

नई दिल्ली, 3 जनवरी, 1978

का० आ० 248.—केन्द्रीय सरकार, अग्रिम संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1952 (1952 का 74) की धारा 5 के अधीन पेपर एण्ड जींजर मर्चेन्ट्स एसोसियेशन लिमिटेड, बम्बई द्वारा मान्यता के नवीकरण के लिये किये गये आवेदन पर वायदा बाजार आयोग के परामर्श से विचार करके और यह समाधान हो जाने पर कि ऐसा करना व्यापार के हित में और लोकहित में भी होगा, एतद्द्वारा, उक्त अधिनियम की धारा 6 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, उक्त एसोसियेशन को यथा महाराष्ट्र राज्य में प्रवृत्त मुम्बई साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (1904 का मुम्बई अधिनियम-I) में यथा परिभाषित बृहत्तर मुम्बई की सीमाओं के भीतर काली मिर्च की अग्रिम संविदाओं के बारे में 19 जनवरी, 1978 से 18 जनवरी, 1979 (जिसमें ये दोनों दिन भी सम्मिलित हैं) की एक वर्ष की अतिरिक्त कालावधि के लिए मान्यता प्रदान करती है ।

2. एतद्द्वारा प्रदत्त मान्यता इस शर्त के अध्यधीन है कि उक्त एसोसियेशन ऐसे निदेशों का अनुपालन करेगा, जो वायदा बाजार आयोग द्वारा समय-समय पर दिये जायें ।

[मिसिल सं० 12(23)-आई०टी०/77]

MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION

New Delhi, the 3rd January, 1978

S.O. 248.—The Central Government having considered in consultation with the Forward Markets Commission, the application for renewal of recognition made under Section 5 of the Forward Contracts (Regulation) Act, 1952 (74 of 1952) by the Pepper and Ginger Merchants' Association Ltd., Bombay, and being satisfied that it would be in the interest of the trade and also in the public interest so to do, hereby grants, in exercise of the powers conferred by Section 6 of the said Act, recognition to the said Association for a further period of one year from the 19th January, 1978 to the 18th January, 1979 (both days inclusive) in respect of forward contracts in pepper within the limits of Greater Bombay as defined in the Bombay General Clauses Act, 1904 (Bombay Act I of 1904), as in force in the State of Maharashtra.

The recognition hereby granted is subject to the condition that the said Association shall comply with such directions as may, from time to time, be given by the Forward Markets Commission.

[F. No. 12(23)-IT/77]

नई दिल्ली, 6 जनवरी, 1978

का०आ० 249.— केन्द्रीय सरकार, अग्रिम संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1952 (1952 का 74) की धारा 5 के अधीन इंडियन एक्सचेंज लि०, अमृतसर द्वारा मान्यता के नवीकरण के लिए दिये गये आवेदन पर वायदा बाजार आयोग के परामर्श से विचार करके और यह समाधान हो जाने पर कि ऐसा करना व्यापार के हित में और लोकहित में भी होगा, एतद्द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 6 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त एक्सचेंज को विनोले की अग्रिम संविदाओं के बारे में 11 नवम्बर, 1977 से 10 नवम्बर, 1978 (जिसमें दोनों दिन भी सम्मिलित हैं) की एक वर्ष की अतिरिक्त कालावधि के लिए मान्यता प्रदान करती है।

2. एतद्द्वारा प्रदत्त मान्यता इस शर्त के अध्याधीन है कि उक्त एक्सचेंज ऐसे निदेशों का अनुपालन करेगा, जो वायदा बाजार आयोग द्वारा समय-समय पर दिये जायें।

[मिसिल संख्या 12(20-आई०टी/77]
बी० श्रीनिवासन, उप सचिव

New Delhi, the 6th January, 1978

S.O. 249.—The Central Government, having considered in consultation with the Forward Markets Commission the application for renewal of recognition made under Section 5 of the Forward Contracts (Regulation) Act, 1952 (74 of 1952) by the Indian Exchange Ltd., Amritsar and being satisfied that it would be in the interest of the trade and also in the public interest so to do, hereby grants, in exercise of the powers conferred by Section 6 of the said Act, recognition to the said exchange for a further period of one year from the 11th November, 1977, to the 10th November, 1978, (both days inclusive), in respect of forward contracts in cottonseed.

2. The recognition hereby granted is subject to the condition that the said Exchange shall comply with such directions, as may, from time to time, be given by the Forward Markets Commission.

[F. No. 12(20)-IT/77]
V. SRINIVASAN, Dy. Secy.

पैट्रोलियम मंत्रालय

नई दिल्ली, 4 जनवरी, 1978

का०आ० 250.—भारत सरकार के अधिसूचना के द्वारा जैसा कि यहां संलग्न अनुसूची में प्रदर्शित किया गया है और पैट्रोलियम पाइप लाइन (प्रयोक्ता के भूमि अधिग्रहण अधिकार) अधिनियम, 1962 के खण्ड 6 के उपखण्ड (1) के अंतर्गत प्रकाशित किया गया है, गुजरात राज्य के तेल क्षेत्र में उक्त परिशिष्ट भूमि में बेधन स्थल सं० ऐनोड बेड और वायर बेड के लिए पैट्रोलियम के लिए भूमि उपयोग के अधिकार प्राप्त किए गए हैं ;

तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग ने उपर्युक्त नियम के खण्ड 7 के उपखण्ड (i) की धारा (1) में निर्दिष्ट कार्य दिनांक 27-11-76 से समाप्त कर दिया गया है ।

अतः अब पैट्रोलियम पाइप लाइन के नियम 4 (प्रयोक्ता के भूमि अधिग्रहण अधिकार) नियम 1963 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी एतद्द्वारा उक्त तिथि को कार्य समाप्ति की तिथि अधिसूचित करते हैं ।

अनुसूची

एनोड बेड और वायर से बेड के लिए तक पाइप लाइन कार्य की समाप्ती

मंत्रालय का नाम	गांव	का०आ०सं०	भारत के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि	कार्य समाप्ति की तिथि
पैट्रोलियम	कड़ी	2176	26-6-76	27-11-76

[सं० 12020/4/77-प्रौडक्शन]

जी० के० दुदामी, गुजरात के लिए नियमान्तर्गत सक्षम प्राधिकारी

MINISTRY OF PETROLEUM

New Delhi, the 4th January, 1978

S.O. 250.—Whereas by the notification of Government of India as shown in the schedule appended hereto and issued under sub section (i) of section 6 of the Petroleum Pipelines (Acquisition of Right of User in Land) Act, 1962 the Right of User has been acquired in the lands specified in the schedule appended thereto for the transport of petroleum for Anode Bed & Wire Bed in Kadi oil-field in Gujarat State.

And whereas the Oil & Natural Gas Commission has terminated the operations referred to in clause (i) of sub section (1) of section 7 of the said Act on 27-11-76.

Now therefore under Rule 4 of the Petroleum Pipelines (Acquisition of Right of User in Land) Rules, 1963, the Competent Authority hereby notifies the said date as the date of termination of operation to above.

SCHEDULE

Termination of operation of Pipeline for Anode Bed & Wire Bed.

Name of Ministry	Village	S.O. No.	Date of publication in the Gazette of India	Date of termination of operation
Petroleum	Kadi	2176	26-6-76	27-11-76

[No. 12020/4/77-Prod.)]

G.K. DUDANI,

Competent Authority under the Act for Gujarat

कृषि और सिंचाई मंत्रालय

(ग्राम विकास विभाग)

नई दिल्ली, 30 सितम्बर, 1977

का० आ० 251.—सूजी और मैदा श्रेणीकरण और चिह्नांकन नियम, 1977 का निम्नलिखित प्रारूप जिसे केन्द्रीय सरकार कृषि उपज (श्रेणीकरण और चिह्नांकन अधिनियम 1937 (1937 का 1) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाने की प्रस्थापना करती है, उक्त धारा की अपेक्षानुसार उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए, जिनका इससे प्रभावित होना संभाव्य है, प्रकाशित किया जाता है तथा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से 45 दिन की अवधि समाप्त होने पर या उस के बाद विचार किया जाएगा ।

2. उक्त प्रारूप के सम्बन्ध में इस प्रकार विनिर्दिष्ट तारीख से पूर्व किसी भी व्यक्ति से प्राप्त होने वाले किसी भी आक्षेप या सुझाव पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया जाएगा ।

नियमों का प्रारूप

1. (1) इन नियमों का नाम सूजी और मैदा श्रेणीकरण और चिह्नांकन नियम, 1977 है ।

(2) ये भारत में उत्पादित सूजी और मदा को लागू होंगे ।

2. परिभाषाएं :—इन नियमों में :—

(क) "कृषि विपणन सलाहकार" से कृषि विपणन सलाहकार, भारत सरकार अभिप्रेत है;

(ख) "प्राधिकृत पैकर" से ऐसा व्यक्ति या व्यक्तियों का निकाय अभिप्रेत है जिन्हें साधारण श्रेणीकरण और चिह्नांकन नियम, 1937 के नियम 3 के अधीन, सूजी और मैदा के सम्बन्ध में प्राधिकार-पत्र जारी किया गया हो ।

(ग) "अनुसूची" से इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है ।

3. श्रेणी अभिधान :—सूजी और मैदा की क्वालिटी को उपदर्शित करने वाला श्रेणी अभिधान, अनुसूची 3 और 4 के स्तम्भ 1 में यथादर्शित होगा ।

4. क्वालिटी की परिभाषा :—श्रेणी अभिधान द्वारा यथादर्शित क्वालिटी अनुसूची 3 के स्तम्भ 2 से 8 तक और अनुसूची 4 के स्तम्भ 2 से 7 तक में उक्त अभिधानों के सामने यथावर्णित होंगे ।

5. श्रेणी अभिधान चिह्न :—श्रेणी अभिधान चिह्न, कृषि विपणन सलाहकार द्वारा दिए गए एक ऐसे लेबल (जिसमें 'एगमार्क' शब्द सहित भारत का मानचित्र और "भारतीय उत्पाद" शब्द सहित उगते हुए सूर्य का चित्र होगा) का होगा, जो अनुसूची 1 में बताए गए चिह्न के अनुसार होगा ।

टिप्पण : (1) प्रत्येक लेबल पर क्रम संख्या, और सीरीज सूचित करने वाले अक्षर या अक्षरों को मुद्रित किया गया होगा, उदाहरणार्थ ए-004378 ।

(2) कागज या कपड़े पर प्रयुक्त होने वाले श्रेणी अभिधान चिह्न, श्रेणी अभिधान विनिर्दिष्ट करने वाले चिपकने वाले लेबल होंगे ।

(3) "बी-तवील-जूट के थैलों" पर प्रयोग किया जाने वाला श्रेणी अभिधान चिह्न एक ऐसे बांधे जाने वाला आयातकार लेबल का होगा जो श्रेणी अभिधान उपदर्शित करता हो ।

6. चिह्नांकन की पद्धति :—(1) श्रेणी अभिधान चिह्न, कृषि विपणन सलाहकार द्वारा अनुमोदित रीति से प्रत्येक आधान पर स्पष्ट रूप से चिपकाया जाएगा,

(2) श्रेणी अभिधान चिह्न के अतिरिक्त, प्रत्येक आधान पर निम्नलिखित विशिष्टियां स्पष्ट रूप से अंकित की जाएंगी, अर्थात् :—

(क) पैकिंग की तारीख

(ख) लाट संख्या

(ग) पैकर का नाम और पता

(घ) शुद्ध भार,

(3) प्राधिकृत पैकर, कृषि विपणन सलाहकार का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करके, आधान पर अपना निजी व्यापार चिह्न, उक्त अधिकारी द्वारा अनुमोदित रीति से अंकित कर सकेगा :

परन्तु यह तब जब कि निजी व्यापार चिह्न, इन नियमों के अनुसार आधान पर चिपकाए गए श्रेणी अभिधान चिह्न द्वारा उपदर्शित सूजी और मैदा की क्वालिटी या श्रेणी से, भिन्न न हो ।

7. पैकिंग की पद्धति :—(1) केवल बी-टवील जूट या कागज या कपड़े के बने मजबूत, स्वच्छ और सूखे आधान ही पैकिंग के लिए प्रयुक्त होंगे, तथा आधान, कीटाणु-संक्रमण या फफूंदी संदूषण से मुक्त होंगे और किसी भी अवांछनीय गंध से भी मुक्त होंगे ।

(2) आधान, कृषि विपणन सलाहकार द्वारा अनुमोदित रीति से, मजबूती के साथ बन्द और मोहरबन्द किए जाएंगे ।

(3) प्रत्येक पैकेजों में केवल एक ही श्रेणी अभिधान की सूजी और मैदा होंगे ।

8. प्राधिकार-पत्र की विशेष शर्तें :—साधारण श्रेणीकरण और चिह्नांकन नियम 1937 के नियम 4 में विनिर्दिष्ट शर्तों के अतिरिक्त, अनुसूची 2 में बताई गई शर्तें भी इन नियमों के प्रयोजनार्थ जारी किए गए प्रत्येक प्राधिकार पत्र की शर्तें होंगी ।

अनुसूची 1

(नियम 5 देखिए)

सूजी और मैदा के लिए श्रेणी अभिधान चिह्न.

(भारत का मानचित्र)



अनुसूची 2

(नियम 8 देखिए)

प्राधिकार पत्र की विशेष शर्तें

(क) प्राधिकृत पैकर भण्डारकरण, प्रसंस्करण और चिह्नांकन के दौरान गेहूं के साथ अन्य दानों के मिश्रण को बचाने के लिए सभी सावधानियां बरतेगा ।

(ख) प्राधिकृत पैकर सूजी और मैदा के परीक्षण के लिए ऐसे प्रबन्ध करेगा जो कृषि विपणन सलाहकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित किए जाएं । वह विश्लेषण के समुचित अभिलेख भी रखेगा ।

(ग) नमूने लेने और विश्लेषण, आधान को मोहरबन्द करने और चिह्नांकन करने की रीति, अभिलेखों को रखने और विवरणियां प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में कृषि विपणन सलाहकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सभी अनुदेशों का कठोरता से पालन किया जाएगा ।

(घ) सूजी और मैदा के प्रत्येक लाट से कृषि विपणन सलाहकार द्वारा अधिकथित रीति से लिया गया सूजी और मैदा का एक नमूना उस नियन्त्रण प्रयोगशाला को भेजा जाएगा जिसके लिए समय-समय पर निदेश दिया जाए ।

(ङ) प्राधिकृत पैकर, कृषि विपणन सलाहकार द्वारा इस निमित्त सम्यक्तः प्राधिकृत निरीक्षण अधिकारी को यथावश्यक सभी सुविधाएं प्रदान करेगा

अनुसूची 3

सूजी (रवा) की क्वालिटी का श्रेणी-अभिधान और परिभाषा

श्रेणी अभिधान	विवरण	कणों का आकार (सिल्क या नाइलोन के बोल्टिंग कपड़े की आई० एस० 710 माइक्रोन छलनी पर ठहर जाने वाला प्रतिशत	भार का आधार नमी का प्रतिशत जो निम्नलिखित से अधिक नहीं होगा	(शुष्क भार के आधार पर) कुल राख का प्रतिशत जो निम्नलिखित से अधिक नहीं होगा	(शुष्क भार के आधार पर) अविलेय अम्लता प्रतिशत जो निम्नलिखित से अधिक नहीं होगा	90 प्रतिशत एथनाल में भार के आधार पर अलकोहलीय अम्लता (जैसे H_2SO_4 जो शुष्क भार के आधार पर निम्नलिखित से अधिक नहीं होगा	(शुष्क भार के आधार पर) भार के आधार पर ग्लूटेन प्रतिशत, जो निम्नलिखित से कम नहीं होगा
1	2	3	4	5	6	7	8
एस० पी (बड़े कण)	यह पदार्थ अच्छे और स्वच्छ गेहूं को पीस कर प्राप्त किया जाएगा । इसमें लाक्षणिक स्वाद और गंध होगी तथा रंग क्रीम-पीत होगा । यह फफूंदी-संक्रमण और बाह्य पदार्थ से मुक्त होगा ।	न्यूनतम 90	13.5	1.0	0.05	0.10	6.0
एस० पी० (छोटे कण)	यह पदार्थ अच्छे और स्वच्छ गेहूं को पीस कर प्राप्त किया जाएगा । इसमें लाक्षणिक स्वाद और गंध होगी तथा रंग क्रीम पीत होगा । यह फफूंदी गंध, कीटाणु या फफूंदी-संक्रमण और बाह्य-पदार्थ से मुक्त होगा ।	अधिकतम 10	12.5	1.0	0.05	0.10	6.0

टिप्पण : (1) कोई भी पदार्थ सिल्क या नाइलोन की 1.18 मि०मी०आई०एस० छलनी में नहीं ठहरेगा ।

(2) नाईलोन बोल्टिंग कपड़े की 250 माइक्रोन आई० एस० छलनी पर न्यूनतम 9 प्रतिशत पदार्थ ठहरेगा ।

(3) "एस पी श्रेणी" बड़े कण के लिए है तथा एस पी श्रेणी छोटे कण के लिए है ।

अनुसूची 4

मैदे की क्वालिटी का श्रेणी-अभिधान और परिभाषा

(नियम 3 और 4 देखिए)

श्रेणी अभिधान	विशेष लक्षण					साधारण लक्षण
	भार के आधार पर नमी प्रतिशत जो निम्नलिखित से अधिक नहीं होगा।	(शुष्क भार के आधार पर) भार के आधार पर कुल राख प्रतिशत जो निम्नलिखित से अधिक नहीं होगा।	(शुष्क भार के आधार पर) भार के आधार पर अम्ल अविलेय राख प्रतिशत जो निम्नलिखित से अधिक नहीं होगा।	90 प्रतिशत अलकोहल में भार के आधार पर अल्कोहलीय अम्लता जैसे H_2SO_4 प्रतिशत जो निम्नलिखित से अधिक नहीं होगा।	भार के आधार ग्लूटेन (प्रतिशत) जो निम्नलिखित से कम नहीं होगा।	
1	2	3	4	5	6	7
हार्ड ग्लूटेन	13.0	1.0	0.05	0.1	10.0	1. यह पदार्थ स्वच्छ, सख्त या नम गेहूं या उसके मिश्रण को पीसने से प्राप्त किया जाएगा।
मीडियम ग्लूटेन	13.0	0.70	0.05	0.1	8.0	
लो ग्लूटेन	13.0	0.70	0.05	0.1	7.0	2. पदार्थ में लाक्षणिक स्वाद या गन्ध होगी तथा कीटाणु और फफूंदी संरक्षण, कृतक संदूषण, धूल और अन्य बाह्य पदार्थों से मुक्त होगा।

[सं० 13-6/77-ए० एम०]

MINISTRY OF AGRICULTURE & IRRIGATION

(Department of Rural Development)

New Delhi, the 30th September, 1977

S.O. 251.—The folowing draft of the Suji and Maida Grading and Marking Rules, 1977, which the Central Government proposes to make in exercise of the powers conferred by section 3 of the Agricultural Produce (Grading and Marking) Act, 1937 (1 of 1937) is hereby published, as required by the said section, for the information of all persons likely to be affected thereby, and notice is hereby given that the said draft will be taken into consideration on or after the expiry of fortyfive days from the date of publication of this notification in the Official Gazette.

2. Any objections or suggestions which may be received from any person with respect to the said draft before the date so specified will be considered by the Central Government.

DRAFT RULES

1. (1) These rules may be called Suji and Maida Grading and Marking Rules, 1977.

(2) They shall apply to Suji and Maida produced in India.

2. Definitions.—In these rules,—

(a) "Agricultural Marketing Adviser" means the Agricultural Marketing Adviser to the Government of India;

(b) "Authorised packer" means a person or a body of persons who has been granted a certificate of authorisation under rule 3 of the General Grading and Marking Rules, 1937, in relation to Suji or Maida;

(c) "Schedule" means a schedule appended to these rules.

3. Grade Designations.—The grade designations to indicate the quality of Suji and Maida shall be as set out in column 1 of Schedules III and IV.

4. Definition of quality.—The quality indicated by the grade designations shall be as set out against the said designations in columns 2 to 8 of Schedules III and 2 to 7 of Schedule IV.

5. Grade designation mark.—The grade designation mark shall consist of a label supplied by the Agricultural Marketing Adviser specifying the grade designation and bearing a design (consisting of an outline map of India with the word AGMARK and the figure of the rising sun with the words "Produce of India") resembling the mark set out in Schedule I.

Note : (1) Each label shall have printed thereon a serial number along with a letter or letters denoting the series e.g. A. 004373.

(2) The grade designation mark to be used on paper or cloth shall consist of a paste-on label specifying the designation.

(3) The grade designation mark to be used on B-twill Jute bags shall consist of a rectangular tie-on label specifying the grade designation.

6. Method of marking.—(1) The grade designation mark shall be clearly affixed to every container in a manner approved by the Agricultural Marketing Adviser.

(2) In addition to the grade designation mark, every container shall be clearly marked with the following particulars, namely :—

(a) date of packing;

(b) lot number;

(c) name and address of packer;

(d) net weight.

(3) An authorised packer may, after obtaining the previous approval of the Agricultural Marketing Adviser, mark his private trade mark on a container in a manner approved by the said officer:

Provided that the private trade mark does not represent quality or grade of the Suji and Maida different from that indicated by the grade designation mark affixed on the container in accordance with these rules.

7. Method of packing.—(1) Only sound, clean and dry container made of paper, cloth or B-twill jute shall be used for packing and the container shall be free from any insect infection or fungus contamination as also from any undesirable smell.

(2) The container shall be securely closed and sealed in the manner approved by the Agricultural Marketing Adviser.

(3) Each package shall contain Suji or Maida of the same grade designation only.

8. Special conditions of Certificate of Authorisation.—In addition to the conditions specified in rule 4 of the General Grading and Marking Rules, 1937, the conditions set out in Schedule II shall be the conditions of every certificate of Authorisation issued for the purpose of these rules.

SCHEDULE I

(See rule 5)

Grade designation mark for Suji and Maida

(MAP OF INDIA)

SCHEDULE II

(See rule 8)

Special conditions of Certificate of authorisation :

(a) An authorised packer shall take all precautions to avoid admixture of other grains with the wheat during storage, processing and marking.

(b) An authorised packer shall make such arrangement for testing Suji and Maida as may be laid down from time to time by the Agricultural Marketing Adviser. He shall also maintain proper records of the analysis of samples.

(c) All instructions regarding the methods of the sampling and analysis, sealing and marking of containers, the maintenance of records and submission of returns which may be issued from time to time by the Agricultural Marketing Adviser, shall be strictly observed.

(d) A sample of Suji and Maida drawn in a manner laid down by the Agricultural Marketing Adviser from each lot of Suji and Maida produced shall be forwarded to such control laboratory as may be directed from time to time.

(e) An authorised packer shall provide all such facilities as may be necessary to the Inspecting Officers duly authorised by the Agricultural Marketing Adviser in this behalf.

SCHEDULE III

(See rules 3 and 4)

Grade designations and definitions of quality of Suji (Rawa)

Grade designation	Description	Particle size (% retained on I.S. 710 Micron sieve of silk or nylon bolting cloth)	Moisture % by weight not exceeding	Total ash % (on dry weight basis) not exceeding	Acid Insoluble ash % (on dry weight basis) not exceeding	Alcoholic acidity (as H_2SO_4) in 90% ethanol % by weight not exceeding (on dry weight basis)	Gluten % by weight (on dry weight basis) not less than
1	2	3	4	5	6	7	8
L.P. (Large Particles)	The material shall be obtained by grinding sound and clean wheat. It shall have a characteristic taste and smell and creamy yellow colour. It shall be free from musty odour, insect or fungus infection and extraneous matter.	Minimum 90	13.5	1.0	0.05	0.10	6.0
S.P. (Small Particles)	The material shall be obtained by grinding sound and clean wheat. It shall have a characteristic taste and smell creamy yellow colour. It shall be free from musty odour, insect or fungus infection and extraneous matter.	Maximum 10	13.5	1.0	0.05	0.10	6.0

Notes : (1) No material shall be retained on 1.18 mm, I.S. sieve of silk or nylon.

(2) Minimum 9% material shall be retained on 250 micron I.S. sieve Nylon bolting cloth.

(3) Grade L.P. stands for "Large Particles" and grade S.P. stands for "Small Particles."

SCHEDULE IV

(See rules 3 and 4)

Grade designation and definition of quality of Maida

Grade designation	Moisture % by weight not exceeding	Special Characteristics				General Characteristics
		Total ash (on dry basis) per cent by weight not exceeding	Acid insoluble ash (on dry basis) per cent by weight not exceeding	Alcoholic acidity (ash H_2SO_4 in 90% alcohol % by weight not exceeding	Gluten per cent by weight not less than	
1	2	3	4	5	6	7
High Gluten	13.0	1.0	0.05	0.1	10.0	(1) The material shall be obtained by milling cleaned hard or soft wheat or blends thereof.
Medium Gluten	13.0	0.70	0.05	0.1	8.0	
Low Gluten	13.0	0.70	0.05	0.1	7.0	(2) The material shall have a characteristic taste or smell and shall be free from insect and fungus infection, rodent contamination dirt, and other extraneous matter.

[No. F. 13-6/77-AM]

नई दिल्ली, 9 जनवरी, 1978

का०आ० 252.—कतिपय नियमों का निम्नलिखित प्रारूप जिसे केन्द्रीय सरकार कृषि उपज (श्रेणीकरण और चिह्नांकन) अधिनियम, 1937 (1937 का 1) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और खली श्रेणीकरण और चिह्नांकन नियम, 1962 को अधिक्रान्त करते हुए बनाने की प्रस्थापना करती है उक्त धारा द्वारा यथा अपेक्षित उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए, जिनका उससे प्रभावित होना संभाव्य है, प्रकाशित किया जाता है और यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप पर इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिन की समाप्ति के पश्चात् विचार किया जाएगा ;

जो आपत्ति या सुझाव उक्त प्रारूप की बाबत किसी व्यक्ति से इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पूर्व प्राप्त होंगे, उन पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया जाएगा।

नियमों का प्रारूप

1. संक्षिप्त नाम और लागू होना.—इन नियमों का नाम वनस्पति खली (पेरी गई या विलायक निस्सारित) श्रेणीकरण और चिह्नांकन नियम, 1978 है ।

2. परिभाषा.—इन नियमों में,—

(क) "कृषि विपणन सलाहकार" से भारत सरकार का कृषि विपणन सलाहकार अभिप्रेत है ।

(ख) "अनुसूची" से इन नियमों से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है ।

3. श्रेणी अभिधान.—खली (पेरी गई या विलायक निस्सारित) की क्वालिटी उपदर्शित करने वाले श्रेणी अभिधान वे होंगे जो अनुसूची II क से IX ख के स्तम्भ (1) में उपवर्णित हैं ।

4. क्वालिटी की परिभाषा:—श्रेणी अभिधानों द्वारा उपदर्शित की गई क्वालिटी वह होगी जो अनुसूची II क से IX ख तक में के प्रत्येक श्रेणी अभिधान के सामने उपवर्णित है।

5. श्रेणी अभिधान चिन्ह:—श्रेणी अभिधान चिह्न एक लेबल होगा जिस पर अनुसूची 1 में उपवर्णित नमूना होगा और उसमें श्रेणी अभिधान, खली का नाम तथा यह पेरी गई है या विलायक निस्सारित है या नहीं, में विनिर्दिष्ट होंगे।

6. चिह्नांकन की पद्धति:—(1) श्रेणी अभिधान चिह्न प्रत्येक आधान पात्र पर सुरक्षित रूप से उस रीति में चिपकाया जाएगा या उस पर स्टेन्सिल किया जाएगा जो कृषि विपणन सलाहकार अनुमोदित करें और उसमें कृषि विपणन सलाहकार द्वारा पैकर को जारी किए गए प्राधिकरण प्रमाणपत्र का संख्यांक भी दर्शाया जाएगा ।

(2) इसके अतिरिक्त प्रत्येक आधान पात्र पर निम्नलिखित विशिष्टियां स्पष्ट और अमिट रूप से चिह्नित की जाएंगी:—

(क) लाट संख्यांक

(ख) पैकर का नाम

(ग) पैकिंग की तारीख

(घ) पैकिंग का स्थान ।

(3) प्राधिकृत पैकर, कृषि विपणन सलाहकार का पूर्व अनुमोदन अभिप्राप्त करने के पश्चात आधान-प्रधान पर अपना प्राइवेट व्यापार चिह्न उस रीति में चिन्हित करेगा जो उक्त अधिकारी द्वारा अनुमोदित हो, परन्तु प्राइवेट व्यापार चिह्न से खली की उस क्वालिटी या श्रेणी से भिन्न क्वालिटी या श्रेणी व्यक्त नहीं होनी चाहिए जो इन नियमों के अनुसार आधान-पात्र पर चिपकाए गए श्रेणी अभिधान चिह्न द्वारा उपदर्शित की गई है।

7. पैकिंग की पद्धति :—(1) खली केवल जूट या अन्य पदार्थ से निर्मित ऐसे आधानों में पैक की जाएगी जो कृषि विपणन सलाहकार द्वारा समय-समय पर अनुमोदित हो :

(2) प्रत्येक आधान मजबूती से बन्द किया जाएगा और सील किया जाएगा और उसमें केवल एक व्यापार वर्णन तथा एक श्रेणी अभिधान की खली ही होगी।

8. प्राधिकरण-प्रमाणपत्र की विशेष शर्तें :—साधारण श्रेणीकरण और चिह्नांकन नियम 1937 के नियम 4 के अनिर्दिष्ट शर्तों के अतिरिक्त निम्नलिखित शर्तें इन नियमों के प्रयोजन के लिए जारी किए गए हरेक प्राधिकरण-प्रमाणपत्र की शर्तें भी होंगी, अर्थात् :—

(1) प्रत्येक प्राधिकृत पैकर एरण्डी के बीच और एरण्डी की खली की मिलावट की रोकथाम के लिए सभी पूर्वावधानियां बरतेगा।

(2) यदि प्राधिकृत पैकर उन्हीं परिसरों में एक से अधिक प्रकार की खली का कार्य करता है तो वह विभिन्न खलियों की मिलावट की रोकथाम के लिए पर्याप्त पूर्वावधानियां बरतेगा। परिसर साफ एवं स्वास्थ्य कर होने चाहिए और उन्हें कालिक रूप से धुवारित किया जाना चाहिए।

(3) प्राधिकृत पैकर खलियों के परीक्षण के लिए व्यवस्थाएं करेगा जो कृषि विपणन सलाहकार द्वारा समय-समय पर विनिर्दिष्ट की जाएं और नमूनों के विश्लेषण का उचित अभिलेख भी रखेगा।

(4) नमूना बनाने और विश्लेषण करने, पैकिंग और चिह्नांकन और अभिलेख रखने की पद्धतियों के बारे में सभी अनुदेशों का, जो कृषि विपणन सलाहकार द्वारा समय-समय पर जारी किये जाय, अनुपालन किया जाएगा।

(5) उस रीति में जैसी कि कृषि विपणन सलाहकार विहित करे, प्रत्येक लॉट से खली का नमूना ऐसी नियंत्रक-प्रयोगशाला को अग्रेषित किया जाएगा जो समय-समय पर अधिसूचित की जाए।

अनुसूची I

(नियम 5 देखिए)

(लेबलों के लिए श्रेणी अभिधान किया जाएगा)



अनुसूची II क

(नियम 3 और 4 देखिए)

मूंगफली की खली (पेरी हुई) की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और परिभाषा

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन 6.25) का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या अन्य सार का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार कुल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अमूल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	एरण्डी की भूसी	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अच्छी	8.0	50.0	8.0	9.0	7.0	1.5	कुछ नहीं	(1) अच्छी और स्वच्छ श्रेणी केवल छिलके रहित मूंगफली की पैदावार होगी जो बिजली चालित मशीनरी द्वारा पेरने के बाद प्राप्त की जाती है ।
स्वच्छ	8.0	50.0	5.0	9.0	7.0	2.0	कुछ नहीं	(2) धानी खली केवल छिलके रहित मूंगफली की पैदावार होगी जो पशुचालित धानी या चक्की के द्वारा तेल पेरने के बाद प्राप्त की जाती है ।
धानी खली	10.0	45.0	10.0	9.0	7.0	2.5	कुछ नहीं	(3) पदार्थ दृढ़ बनावट का होगा ।
								(4) यह हानिकारक एफ्लों और एरण्डी की खली या भूसी से मुक्त होगी ।
								(5) यह खटास, कीट या फफूंद-बाधा और किण्वित, सख्त या अन्य आपत्तिजनक गन्ध से मुक्त होगी ।
								(6) यह धूल और बाह्य पदार्थ से मुक्त होगी ।

टिप्पण :—स्तम्भ 3 से 7 तक में विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है ।

पशुधन-चारे के रूप में छिलके रहित मूंगफली के लिए भारतीय मानक विनिर्देश से लिया गया ।

(आई० एस० 1713-1960)

अनुसूची II ख

(नियम 3 और 4 देखिए)

मूंगफली की खली (विलायक निस्सारित) की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और उसकी परिभाषाएं

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन) 6.25 का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या अन्य सार का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	एरण्डी की भूसी	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7	8
अच्छी	10.0	51.0	1.0	10.0	2.5	कुछ नहीं	(1) विलायक निस्सारित मूंगफली की खली (मील) एक्सपेलन या धानी से पेरी गई मूंगफली की खली विलायक के साधनों द्वारा तेल निस्सारण से प्राप्त की जायेगी । । मील

1	2	3	4	5	6	7	8
स्वच्छ	10.0	47.0	1.5	12.0	2.5	कुछ नहीं	कुछ प्रारम्भिक शोधन के बाद सीधे मूंगफली के बीजों से भी प्राप्त की जा सकती है। निस्सारण के लिए काम में लाई जाने वाली एक्सपेलर या घानी से पेरी गई मूंगफली की खली साफ व ठोस मूंगफली (आरकिस हैपीजिया-एल) के पेरने से प्राप्त की गई होगी। प्रोटीन को विकृतिकरण से बचाने और विलायक के रेशे हटाने के लिए मील नियंत्रित और विनियमित परिस्थितियों के अधीन ऊष्मा और वाष्प शोधन के अधीन रखी जाएगी। पदार्थ पपड़ी या चूर्ण के रूप में होगा और हानिकारक अन्यों और एरण्डी की खली या भूसी या दोनों महुवा की खली से मुक्त होगा और खटवास, अपमिश्रण, कीट या फफूंद बाधा और सड़न दुर्गन्ध से मुक्त होगी।

टिप्पण :—(1) स्तम्भ 3 से 6 तक में विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है।

पशुधन-चारे के रूप में विलायक निस्सारित मूंगफली की खली (मील) के लिए भारतीय मानक विनिर्दिष्ट से लिया गया। (आई०एस० 3441-1966)

(2) निस्सारण के लिए विलायक :—निस्सारण के प्रयोजनों के लिए केवल अच्छी श्रेणी का विलायक ही काम में लाया जाएगा।

विलायक की अपेक्षाएं निम्नलिखित होंगी :—

क्वथन दूरी 63° सें० से 71° सें० तक

एसोमेटिक तत्व (अधिकतम) 1 प्रतिशत

अवाष्पशील तत्व (अधिकतम) 0001 ग्राम/100 मि०लि०

अनुसूची III क

(नियम 3 और 4 देखिए)]

छिलके रहित बिनोले की खली—(पेरी हुई) की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और उसकी परिभाषा

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन) 6.25) का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या अन्य सार का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार कुल का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	एरण्डी की भूसी	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अच्छी	8.0	40.0	8.0	10.0	7.0	1.6	कुछ नहीं	(1) केवल साफ बिनोले की उपज होगी मूल रूप से गिरी के साथ छिलके और रेशे के उन अपरिहार्य प्रभागों से बनी हो जो तेल विनिर्माण के समय छूट गए हों।
स्वच्छ	8.0	41.0	5.0	12.0	8.0	2.0	कुछ नहीं	(2) पदार्थ ठोस होगा लेकिन चूर्ण बनावट का न हो।
नं० 2	8.0	37.0	5.0	14.0	9.0	2.5	कुछ नहीं	(3) यह हानिकारक अन्यों और एरण्डी की खली व भूसी से मुक्त होगी।
								(4) यह खटवास, अपमिश्रण, कीटों या फफूंदबाधा और किण्वित, सड़न या अन्य आपत्तिजनक दुर्गन्ध से मुक्त होगी।
								(5) यह धूल और बाह्य पदार्थ से मुक्त होगी।

टिप्पण : स्तम्भ 3 से 7 तक में विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित हैं।

पशुधन-चारे के रूप में बिनोले की खली के लिए भारतीय मानक विनिर्देश से लिया गया। (आई०एस० 1712-1960)

अनुसूची III ख

(नियम 3 और 4 देखिए)

छिलके सहित बिनौले की खली (पेरी हुई) की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और उसकी परिभाषाएं

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन 6.25) का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या ईथरी सार का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार कुल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	एरण्डी की भूसी	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अच्छी	10.0	24.0	7.0	24.0	9.0	2.5	कुछ नहीं	(1) केवल साबुत, साफ और जहां कहीं आवश्यक है (विशेष कर रोंयेदार बीज की दशा में) बिनौले से तेल निकालने के बाद प्राप्त पैदावार होगी।
स्वच्छ	10.0	24.0	7.0	28.0	9.0	2.5	कुछ नहीं	(2) पदार्थ ठोस होगा लेकिन वह बनावट का न हो। (3) यह हानिकारक अवयवों और एरण्डी की खली या भूसी से मुक्त होगी। (4) यह खटवास, अपमिश्रण, कीटों या फफूंद-बाधा और किण्वित, सड़न या अन्य आपत्तिजनक दुर्गन्ध से मुक्त होगी। (5) यह धूल और बाह्य पदार्थ से मुक्त होगी।

टिप्पण :—स्तम्भ 3 से 7 तक में विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है।

पशुधन-चारे के रूप में बिनौले की खली के लिए भारतीय मानक विनिर्देश से लिया गया। ('आई०एस० 1712-1960)

अनुसूची III ग

(नियम 3 और 4 देखिए)

छिलके रहित बिनौले की खली (मील)—(विलायक निस्सारित) की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और परिभाषाएं

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन 6.25) का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या ईथर सार का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7
अच्छी	8.0	42.0	1.5	12.0	2.0	विलायक निस्सारित बिनौले की खली (मील) छिलके रहित बिनौले की खली से विलायक के साधनों द्वारा तेल निस्सारण से प्राप्त की जायेगी। मील कुछ प्रारंभिक शोधन के बाद सीधे छिलके रहित बिनौले से भी प्राप्त की जा सकती है। निस्सारण के लिए काम में लाई जाने वाली, बिनौले की खली साफ और ठोस छिलके रहित बिनौले के पेरने से प्राप्त की गई होगी।

1	2	3	4	5	6	7
स्वच्छ	8.0	40.0	2.0	14.0	2.5	विलायक के रेशे हटाने के लिए मील नियंत्रित और विनियमित दशाओं के अधीन ऊष्मा और माप शोधन के अधीन रखी जाएगी। पदार्थ पपड़ी या चूर्ण के रूप में होगा और हानिकारक अवयवों और एरण्डी की खली या भूसी और महुआ की खली से मुक्त होगा। यह सड़न दुर्गन्ध से मुक्त होगी।

टिप्पण :—(1) स्तम्भ 3 से 6 तक में विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है।

पशुधन-चारे के रूप में विलायक निस्सारित बिनौले की खली (मील) के लिए आपातकालीन भारतीय मानक विनिर्देश से लिया गया है। (आई० एस० 3592 ई०-1966)

निस्सारण के लिए विलायक :—निस्सारण के प्रयोजनों के लिए केवल हैक्सेस फूड श्रेणी का विलायक ही काम में लाया जाएगा। विलायक की अपेक्षाएं निम्नलिखित होंगी :—

क्वथन दूरी—63° सें० से 71° सें० तक

ऐरोमुटिक तत्व (अधिकतम) 1 प्रतिशत

अवाष्पशील तत्व (अधिकतम) 0001 ग्राम/100 मि०लि०

अनुसूची IV क

(नियम 3 और 4 देखिए)

अलसी की खली (मील)—(पैरी हुई) की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और परिभाषाएं

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन 6.25) का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या ईथर सार का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार कुल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	एरण्डी की भूसी	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अच्छी	10.0	29.0	8.0	10.0	8.0	1.5	कुछ नहीं	(1) अच्छी और स्वच्छ श्रेणी की खली बिजली चालित मशीनरी द्वारा अलसी के बीजों से तेल पेरने के बाद प्राप्त उपज होगी।
स्वच्छ	10.0	29.0	5.0	10.0	8.0	1.5	कुछ नहीं	(2) घानी खली पशुचालित घानी द्वारा अलसी के बीजों से तेल पेरने के बाद प्राप्त उपज होगी।
								(3) पदार्थ हानिकारक अवयवों और एरण्डी की खली या भुसी से मुक्त होगा।
घानी खली	10.0	26.0	15.0	6.0	9.0	2.5	कुछ नहीं	(4) यह खटांस, अपमिश्रण, कीट या फफूंद-बाधा और किण्वन, सड़न या अन्य आपत्तिजनक दुर्गन्ध से मुक्त होगी।
								(5) यह धूल और बाह्य पदार्थ से मुक्त होगी।

टिप्पण :—स्तम्भ 3 से 7 तक में विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है।

पशुधन-चारे के रूप में अलसी की खली के लिए भारतीय मानक विनिर्देश से लिया गया है।

(आई०एस० 1935-1961)

अनुसूची IV ख

(नियम 3 और 4 देखिए)

अलसी की खली (मील) विलायक निस्सारित की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और परिभाषा

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन 6.25) का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या ईथर सार का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय भस्म राख का प्रतिशत (अधिकतम)	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7
अच्छी	10.0	33.0	1.0	9.0	2.5	विलायक निस्सारित अलसी की खली (मील) एक्सपेलर या घानी से पेरी गई अलसी की खली से विलायक के साधनों द्वारा तेल निस्सारण से प्राप्त की जाएगी। मील कुछ प्रारंभिक शोधन के बाद सीधे अलसी के बीज से भी प्राप्त की जा सकती है। निस्सारण के लिए काम में लाई जाने वाली एक्सपेलर या घानी से पेरी गई अलसी की साफ और ठोस अलसी (लिनम यूसीटेटीस्सीयम एल०) पेरने से प्राप्त की गई होगी। प्रोटीन को विकृतीकरण से बचाने और विलायक के रेशे हटाने के लिए मील निर्यलिस और विनियमित दशाओं के अधीन उष्मा और भाप शोधन के अधीन रखी जाएगी। पदार्थ पपड़ी या चूर्ण के रूप में होगा और हानिकारक अवयवों और एरण्डी की खली या भूसी या दोनों या महुआ की खली से मुक्त होगा। यह खटबांस, अपमिश्रण, कीटों या फफूंद बाधा और सड़न दुर्गन्ध से मुक्त होगा।
स्वच्छ	10.0	29.0	1.5	11.0	2.5	

टिप्पण :—(1) स्तम्भ 3 से 6 तक में विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है।

पशुधन-चारे के रूप में विलायक निस्सारित अलसी की खली (मील) के लिए भारतीय मानक विनिर्देश से लिया गया।

(आई०एस० 3440-1966)

निस्सारण के लिए विलायक :—निस्सारण के प्रयोजन के लिए केवल हैक्सेन –फूड श्रेणी का विलायक ही काम में लाया जाएगा। विलायक की अपेक्षाएं निम्नलिखित होंगी :—

क्वथन दूरी————————63° सें० से 71° सें० तक

ऐरोमेटिक तत्व (अधिकतम)————1 प्रतिशत

अवाष्पशील तत्व (अधिकतम)————0001 ग्राम/100 मि०लि०

अनुसूची V क

(नियम 3 और 4 देखिए)

सरसों की खली (पेरी हुई) की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और परिभाषा

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन) का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या ईथर सार का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार कुल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	अरण्डी की भूसी	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अच्छी	10.0	35.0	8.0	9.0	8.0	1.5	कुछ नहीं	(1) अच्छी और स्वच्छ श्रेणी की खली बिजली चालित मशीन द्वारा सरसों के बीज* से तेल पेरने के बाद प्राप्त उत्पाद होगी ।
स्वच्छ	10.0	37.0	5.0	10.0	9.0	2.0	कुछ नहीं	(2) घानी की खली पशु चालित या कोल्हू द्वारा सरसों के बीज से तेल पेरने के बाद प्राप्त उत्पाद होगी ।
घानी खली	12.0	33.0	12.0	7.0	8.0	2.0	कुछ नहीं	(3) पदार्थ आर्जीमोन और अरण्डी की खली या भूसी सहित हानिकारक अवयवों से मुक्त होगी । (4) यह खटवास, अपमिश्रण, कीट या फफूंद-बाधा और किण्वित, सड़न या अन्य आपत्तिजनक दुर्गन्ध से मुक्त होगी । (5) यह धूल और बाह्य पदार्थ से मुक्त होगी ।

*सरसों के बीज शब्द के अन्तर्गत राई (ब्रेसिका जन्सिया कास) सरसों (ब्रेसिका कैम्पेस्टिस वैराइटी सरसों), सोरिया (ब्रेसिका कैम्पेस्टिल वैराइटी जोरिया) और तारामिरा (एक्सा स्टाइवा) आते हैं ।

स्तम्भ 3 से 7 तक में विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है।

पशुधन-चारे के रूप में सरसों और तोरिया की खली के लिए भारतीय मानक विनिर्दिष्ट से लिया गया । (आई० एस० 1932—1961)

अनुसूची V ख

(नियम 3 और 4 देखिये)

सरसों की खली—विलायक निस्सारित की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और परिभाषा

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन 6.25) का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या ईथर सार का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7
अच्छी	10.0	45.0	1.0	11.0	1.8	विलायक निस्सारित सरसों की खली (मील) द्रवचालित एक्सपैलर या चक्की से पेरी गई खली से विलायक के साधनों द्वारा तेल निस्सारण से प्राप्त की जायेगी । मील प्रारम्भिक शोधन के बाद सीधे

1	2	3	4	5	6	7
स्वच्छ	10.0	43.0	1.5	12.0	2.5	ठोस सरसों के बीज (राई-ब्रेसिका जन्सिया), सरसों (ब्रेसिका कैम्पेस्ट्रिस), तोरिया (ब्रेसिका कैम्पेस्ट्रिस) और तारा-मीरा (एरूकासेटाइवा) से भी प्राप्त की जा सकती है। प्रोटीन को विकृती-करण से बचने और विलायक के लेशों हटाने के लिए कीटक नियंत्रित और विनियमित दशाओं के अधीन उष्मा और भाप शोधक के अधीन रखी जायेगी। पदार्थ पपड़ी या चूर्ण के रूप में होगा और हानिकारक अवयवों और एरण्डी की खली या भूसी या दोनों या महुवा की की खली या आर्जीमोन की खली से मुक्त होगा। यह खटवास, अपमिश्रण, कीट या फफूंद बाधा और सड़न दुर्गन्ध से मुक्त होगी।

टिप्पण :—(1) स्तम्भ 3 से 6 तक विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है। भारतीय मानक संस्था विनिर्देश से नहीं लिया गया।

(2) निस्सारण के लिए विलायक : निस्सारण के प्रयोजनों के लिए केवल हैक्सेन-फुड श्रेणी का विलायक ही काम में लाया जाएगा।

विलायक की अपेक्षाएं निम्नलिखित होंगी :—]

क्वथन दूरी—63° सें० से 71° सें० तक

ऐरोमेटिक तत्व (अधिकतम)—1 प्रतिशत

अवाष्पशील तत्व (अधिकतम)—0.001 ग्राम/100 मि० ली०

अनुसूची VI (क)

(नियम 3 और 4 देखिए)

सेसमम (तिल) की खली (पेरी हुई) की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और परिभाषा

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन 6.25) का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या ईथर सार का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार कुल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	एरण्डी की भूसी	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अच्छी	10.0	37.0	8.0	7.0	13.0	1.5	कुछ नहीं	(1) अच्छी और स्वच्छ श्रेणी की खली बिजली चालित मशीन द्वारा सेसमम (तिल) के बीज से तेल पेरने के बाद प्राप्त उपज होगी।
स्वच्छ	10.0	37.0	5.0	7.0	13.0	2.0	कुछ नहीं	(2) घानी की खली पशु चालित घानी द्वारा सेसमम (तिल) बीजों से तेल पेरने के बाद प्राप्त उपज होगी।
घानी खली	10.0	36.0	14.0	7.0	13.0	2.0	कुछ नहीं	(3) यह पदार्थ हानिकारक अवयवों और एरण्डी की खली या भूसी से मुक्त होगा। (4) यह खटवास, अपमिश्रण, कीट या फफूंद बाधा और किण्वित, सड़न या अन्य आपत्तिजनक दुर्गन्ध से मुक्त होगी। (5) यह धूल या बाह्य पदार्थ से मुक्त होगी।

टिप्पण :—स्तम्भ 3 से 7 तक में विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है।

पशुधन-चारे के रूप में सेसमम (तिल) की खली के लिए भारतीय मानक विनिर्देश से लिया गया। (आई० एस० 1934-1961)

अनुसूची VI (क)

(नियम 3 और 4 देखिए)

सेसमम (तिल) की खली—विलायक निस्सारित की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और परिभाषा

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन 6.25) का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या ईथर सार का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7
अच्छी	10.0	44.0	1.0	8.5	1.8	विलायक निस्सारित सेसमम (तिल) की खली एक्सपैलर या घानी से पेरी गई सेसमम (तिल) की खली से विलायक के साधनों द्वारा तेल निस्सारण से प्राप्त की जायेगी। खली कुछ प्रारम्भिक शोधन के बाद सीधे सेसमम (तिल) के बीजों से भी प्राप्त की जा सकती है। निस्सारण के लिए प्रयोग किए जाने वाले एक्सपेलर या घानी द्वारा पेरा गया सेसमम (तिल) खली ठोस और स्वच्छ सेसमम (तिल) बीजों को पेरने से प्राप्त की जानी चाहिए। प्रोटीन की विकृतीकरण से बचाने और विलायक के लेशे हटाने के लिए कीटक नियंत्रित और विनियमित दशाओं के अधीन ऊष्मा और वाष्प शोधन के अधीन रखा जाएगा। पदार्थ पपड़ी या चूर्ण के रूप में होगा और हानिकारक अवयवों और एरण्डी की खली या भूसी या बीजों या महुवा की खली से मुक्त होगा। यह खटवास अपमिश्रण, कीट, फफूंद आद्रता और सड़न दुर्गन्ध से मुक्त होगी।
स्वच्छ	10.0	44.0	1.5	8.5	1.8	

टिप्पण :— (1) स्तम्भ 3 से 6 तक विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है। भारतीय मानक संख्या विनिर्देश से नहीं लिया गया क्योंकि उसे अन्तिम रूप नहीं दिया गया है।

(2) निस्सारण के लिए विलायक :—निस्सारण के प्रयोजनों के लिए केवल हैक्सेन—फूड श्रेणी का विलायक ही काम में लाया जायेगा। विलायक की अपेक्षाएं निम्नलिखित होंगी :—

क्वथन दूरी—63° से० से 71° तक

ऐरोमेटिक तत्व (अधिकतम)—1 प्रतिशत

अवशेषीय तत्व (अधिकतम). 0001/100 मि० ली०

अनुसूची VII (क)

(नियम 3 और 4 देखिए)

नारियल की खली (पेरी हुई) की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और परिभाषा

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन का 6.25) प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या ईथर सार का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार कुल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	एरण्डी की भूसी	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अच्छी	10.0	21.0	8.0	12.0	8.0	1.5	कुछ नहीं	(1) अच्छी श्रेणी की नारियल की खली विद्युत चालित मशीनरी द्वारा खोपरे (सूखे नारियल की

1	2	3	4	5	6	7	8	9
								गिरी) से प्राप्त उपज होगी ।
स्वच्छ	12.0	18.0	13.0	12.0	8.5	2.0	कुछ नहीं	(2) घानी क्षेणी की खली पशु चालित घानी या चक्की द्वारा खोपरे (सूखे नारियल की गिरी) से तेल पेरने के बाद प्राप्त उपज होगी ।
								(3) पदार्थ हानिकारक अवयवों और एरण्डी की खली या भूसी से मुक्त होगा ।
								(4) यह खटवास, अपमिश्रण, कीट या फफूंद बाधा और किण्वित, सड़न और अन्य आपत्तिजनक व दुर्गन्ध से मुक्त होगी ।
								(5) यह धूल और बाह्य पदार्थ से मुक्त होगी ।

टिप्पण :—स्तम्भ 3 से 7 तक विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है ।

पशुधन-चारे के रूप में नारियल की खली के लिए भारतीय मानक विनिर्देश से लिया गया ।
(आई० एस० 2154—1962)

अनुसूची VII (ख)

(नियम 3 और 4 देखिए)

नारियल की खली (मिल) विलायक निस्सारित की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और परिभाषा

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन 6.25) का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या ईथर सार का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7
अच्छी	10.0	23.0	1.0	14.0	1.5	विलायक निस्सारित की खली (मील) एक्सपेलर या घानी से पेरी गई नारियल की खली से विलायक के साधनों द्वारा तेल निस्सारण से प्राप्त की जायेगी । निस्सारण के लिए काम में लाई जाने वाली एक्सपेलर या घानी से पेरी गई नारियल की खली स्वच्छ और ठोस नारियल पेरने से प्राप्त की गई होगी । विलायक के लेशे हटाने के लिए मील नियंत्रित और विनियमित दशाओं के अधीन उष्मा और भाप शोधन के अधीन रखी जायेगी । पदार्थ पपड़ी या चूर्ण के रूप में होगी । यह हानिकारक अवयवों और एरण्डी की खली या भूसी या दोनों और महुआ की खली से मुक्त होगी । यह खटवास, अपमिश्रण, कीट या फफूंद बाधा और सड़न से मुक्त ।
स्वच्छ	10.0	21.0	1.5	15.0	2.0	

टिप्पण :—(1) स्तम्भ 3 से 6 तक में विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है । पशुधन-चारे के रूप में विलायक निस्सारित नारियल की खली (मील) के लिए आपात-कालीन भारतीय मानक विनिर्देश से लिया गया (आई० एस० : 3591 ई—1966)

(2) निस्सारण के लिए विलायक निस्सारण के प्रयोजन के लिए केवल ऐक्सेन-फूड श्रेणी का विलायक ही काम में लाया जायेगा । विलायक की अपेक्षाएं निम्नलिखित होंगी :—

क्वथन दूरी—63° से० से 71° से० तक

ऐरोमेटिक तत्व (अधिकतम)—1 प्रतिशत

अवाष्पशील तत्व (अधिकतम)—0001 ग्राम/100 मि० लि०

अनुसूची VIII क

(नियम 3 और 4 देखिए)

कुसुम की खली (पेरी हुई) की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और परिभाषा

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन 6.25) का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या ईथर सार का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार कुल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	एरण्डी की भूसी	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अच्छी	8.0	41.0	8.0	13.0	8.0	1.0	कुछ नहीं	(1) अच्छी और स्वच्छ श्रेणियों की खली कुसुम के बीज (कार्थमस टिण्टोरियस एल) की उपज होगी जो विद्युत चालित मशीनरी द्वारा ठोस और स्वच्छ बीजों से तेल पेरने के बाद प्राप्त की गई होगी ।
स्वच्छ	8.0	39.0	10.0	15.0	8.0	2.0	कुछ नहीं	
धानी खली	10.0	38.0	13.0	12.0	8.0	1.0	कुछ नहीं	(2) धानी खली पशु चालित घानी या चक्की के द्वारा स्वच्छ और ठोस कुसुम के बीज (कार्थमस टिण्टोरियस एल) से तेल पेरने के बाद प्राप्त उपज होगी । (3) पदार्थ दुर्गन्ध बनावट का होगा । (4) यह हानिकारक अवयवों और एरण्डी की खली या भूसी से मुक्त होगी । (5) यह खटवास, अपमिश्रण, कीट या फफूंद-बाधा और किण्वित, सड़न या अन्य आपत्तिजनक दुर्गन्ध से मुक्त होगी । (6) यह धूल और बाह्य पदार्थ से मुक्त होगी ।

टिप्पण :—स्तम्भ 3 से 7 तक में विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है ।

अनुसूची VIII ख

(नियम 3 और 4 देखिए)

कुसुम की खली (विलायक निस्सारित) की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और परिभाषा

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन 6.25) का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या ईथर सार का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7
अच्छी	10.0	50.0	1.0	1.5	15.0	विलायक निस्सारित कुसुम की खली (मील) धानी या एक्सपेलर से पेरी गई कुसुम की खली से विलायक साधनों द्वारा तेल

1	2	3	4	5	6	7
स्वच्छ	10.0	47.0	1.0	2.5	18.0	निस्सारण से प्राप्त की जायेगी । धानी या एक्सपेलर से पेरी गई कुसुम की खली साथ और ठोस कुसुम के बीज (कार्यमस टिन्टोरियस एल) पेरने से प्राप्त की गई होगी । प्रोटीन को विकृतीकरण से बचाने और विलायक के लेशों हटाने के लिये निस्सारित खली नियंत्रित और विनियमित दशाओं के अधीन रखी जायेगी । पदार्थ पपड़ी या चूर्ण के रूप में होगा और हानिकारक अवयवों या एरण्डी की खली से मुक्त होगी । यह खटवास, अपमिश्रण, कीट या फफूंद बाधा और सड़न दुर्गन्ध से मुक्त होगी ।

टिप्पण :—(1) स्तम्भ 3 से 6 तक में विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है ।

(2) विनिर्देश प्रारूप की अवस्था में भारतीय मानक संस्था के पास है और अभी तक उन्हें अन्तिम रूप नहीं दिया गया है ।

(3) निस्सारण के लिए विलायक-निस्सारण के प्रयोजन के लिए केवल हैक्सेन-फूड श्रेणी का विलायक ही काम में लाया जायेगा । विलायक की अपेक्षाएं निम्नलिखित हैं :—

क्वथन दूरी—63° से 71° से. तक

ऐरोमेटिक तत्व (अधिकतम)—1 प्रतिशत

अवाष्पशील तत्व (अधिकतम)—0.001 ग्राम/100 मि० लि०

अनुसूची IX क

(नियम 3 और 4 देखिए)

तिल्ली की खली (पेरी हुई) की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और परिभाषा

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन नाइट्रोजन 6.25 का प्रतिशत	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या ईथर सार (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार राख का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	एरण्डी की भूसी	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अच्छी	9.0	29.0	8.0	9.0	8.0	1.0	कुछ नहीं	(1) अच्छी और स्वच्छ श्रेणी की खली तिल्ली के बजी (म्यूजोटिया एबीसीमिका कास) की पैदावार होगी जो बिजली चालित मशीनरी द्वारा ठोस और स्वच्छ तिल्ली के बीज से तेल पेरने के बाद प्राप्त होगी ।
स्वच्छ	9.0	28.0	10.0	12.0	8.0	2.0	कुछ नहीं	
धानी खली	10.0	27.0	13.0	9.0	8.0	1.0	कुछ नहीं	(2) धानी खली पशु चलित धानी या चक्की द्वारा स्वच्छ और ठोस तिल्ली के बजी (म्यूजोटिया एबीसिनिका कास) से तेल पेरने के बाद प्राप्त पैदावार होगी । (3) पदार्थ दृढ़ बनावट का होगा । (4) यह हानिकारक अवयवों और एरण्डी की खली या भूसी से मुक्त होगी । (5) यह खटवास, अपमिश्रण, कीटों या फफूंद-बाधा और किण्वित, सड़न या अन्य आपत्तिजनक दुर्गन्ध से मुक्त होगी । (6) यह धूल और बाह्य पदार्थ से मुक्त होगी ।

टिप्पण :—स्तम्भ 3 से 7 तक में विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है ।

अनुसूची IX ख

(नियम 3 और 4 देखिए)

तिल्ली की खली (विलायक निस्सारित) की क्वालिटी के श्रेणी अभिधान और परिभाषा

श्रेणी अभिधान	वजन के अनुसार नमी का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत प्रोटीन (नाइट्रोजन 6.25) का प्रतिशत (न्यूनतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत वसा या ईथर सार का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अविलेय अम्ल राख का प्रतिशत (अधिकतम)	वजन के अनुसार अपरिष्कृत रेशे का प्रतिशत (अधिकतम)	साधारण लक्षण
1	2	3	4	5	6	7
अच्छी	9.0	35.0	1.0	1.5	12.0	विलायक निस्सारित तिल्ली की खली (मील) घानी या एक्सपेलर से पेरी गई तिल्ली की खली से विलायक के साधनों द्वारा तेल निस्सारण से प्राप्त की जाएगी। घानी या एक्सपेलर से पेरी गई तिल्ली की खली साफ ठोस तिल्ली के बीज (ग्यूजोटिया, एबीसीनिका, काम) पेरने से प्राप्त की गई होगी। प्रोटीन को विकृतीकरण से बचाने या विलायक के लेशे हटाने के लिए मील नियंत्रित और विनियमित दशाओं के अधीन उष्मा और भाप शोधन के अधीन रखी जाएगी। पदार्थ पपड़ी या चूर्ण के रूप में होगा और हानिकारक अवयवों या एरण्डी की खली या भूसी या दोनों या महुवा की खली से मुक्त होगा। यह खटवास, अपमिश्रण, कीट या फफूंद-बाधा और सड़न दुर्गन्ध से मुक्त होगी।
स्वच्छ	9.0	29.0	1.0	2.5	15.0	

टिप्पण :—(1) स्तम्भ 3 से 6 तक में विनिर्दिष्ट मान नमी हीनता के आधार पर संगणित है।

(2) विनिर्देश प्रारूप के प्रक्रम पर भारतीय मानक संस्था के पास है और अभी तक उन्हें अन्तिम रूप नहीं दिया गया है।

(3) निस्सारण के लिए विलायक प्रारूप निस्सारण के प्रयोजन के लिए केवल हेक्सेन-फूड श्रेणी का विलायक ही काम में लाया जाएगा। विलायक की अपेक्षाएं निम्नलिखित होंगी :—

क्वथन दूरी—63° से० से 71° से० तक

ऐरोमेटिक तत्व (अधिकतम)—1 प्रतिशत

अवाष्पशील तत्व (अधिकतम)—0.001 ग्राम/100 मि० लि०

[सं० फा० 13-8/76-ए० एम]

New Delhi, the 9th January, 1978

S.O. 252.—The followintg draft of certain rules, which the Central Government proposes to make, in exercise of the powers conferred by section 3 of the Agricultural Produce (Grading and Marking) Act, 1937 (1 of 1937) and in supersession of the Oil Cakes Grading and Marketing Rules, 1962, is hereby published, as required by the said section for the information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the said draft shall be taken into consideration after the expiry of fortyfive days from the date of publication of the notification in the Official Gazette.

Any objections or suggestions which may be received from any person with respect to the said draft before the expiry of the period so specified shall be considered by the Central Government.

DRAFT RULES

1. Short title and application.—These rules may be called Vegetable Oil Cakes (Expressed or Solvent Extracted) Grading and Marking Rules, 1978.

2. Definition.—In these rules,

(a) "Agricultural Marketing Adviser" means the Agricultural Marketing Adviser to the Government of India;

(b) "Schedule" means a Schedule appended to these rules.

3. Grade designations.—The grade designations to indicate the quality of oil cakes (expressed or solvent extracted) shall be as set out in column (1) of Schedule II A to IX B.

4. Definition of quality.—The quality indicated by the grade designations shall be as set out against each grade designation in Schedules II A to IX B.

5. Grade designation marks.—The grade designation mark shall consist of a label bearing the design set out in Schedule I and specifying the grade designation, the name of the cake and whether it is expressed or solvent extracted.

6. Method of marking.—(1) The grade designation mark shall be securely affixed or stencilled on each container in a manner approved by the Agricultural marketing Adviser and shall also indicate the number of the Certificate of Authorisation issue to the packer by the Agricultural Marketing Adviser.

(2) In addition, on every container the following particulars shall clearly and indelibly be marked :—

(a) Lot number

(b) Name of Packeror

